नवरात्रि विशेष

सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके



शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते।



हरिभूमि रायपुर भूमि

मॉडल्स और झांकियों में कांतारा थीम का आकर्षण
मां काली के रौद्र रूप रक्तबीज संहार के दृश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरानी बस्ती के गोपियापारा में शुक्रवार की शाम 7 से 10 बजे के बीच बच्चों और विद्यार्थियों द्वारा वेस्ट से बेस्ट मॉडल स्वरूप झांकियों की मनोहारी श्रृंखला सजाई गई। बनाए गए 'मिनी मॉडल झांकियों' में कुछ वैसा ही नजारा देखने को मिला, जैसा कि हर साल गणेश उत्सव के दौरान निकलने वाली विसर्जन झांकियों में देखने को मिलती है। शहर के छोटे बच्चों और विद्यार्थियों द्वारा रचनात्मकता का प्रदर्शन करने के लिए हाथों से चलते-फिरते मॉडल तैयार किए गए। झांकियों की तरह क्षेत्र में घुमाने की परंपरा का निर्वहन करने से देखने के लिए लोगों की भीड़ भी उमड़ी। इस बार करीब 300 झांकियों की श्रृंखला विद्यार्थियों ने सजाते हुए लोगों को आश्चर्य चकित भी किया। इसे आयोजन का रूप देने के लिए 8वें वर्ष भी स्टेज सजाने वाले तोरन सिन्हा और तारकेश्वर सिन्हा ने बताया कि 8 वर्ष पहले मिनी झांकी स्व.श्री पुनीत राम सिन्हा की स्मृति में मां दंतेश्वरी चौक ▶▶|शेष पेज 11 पर

अलग खबर



बारिश में खराब सड़कों की हालत सुधारी जाएगी, लोक निर्माण विभाग 22 टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर चुका

सड़कों के पेचवर्क में पेंच, पीडब्लूडी का काम शुरू, पर निगम का डिब्बा गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में बारिश के कारण खराब एवं गड्ढे युक्त हो चुकी सड़कों की मरम्मत का काम लोक निर्माण विभाग ने शुरू कर दिया है। विभाग इसके लिए लगभग 22 टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर चुका है और लगभग 10 से 15 टेंडर की प्रक्रिया जारी है। इधर नगर निगम की खराब सड़कों की मरम्मत के लिए टेंडर तक जारी नहीं हो पाया है। निगम प्रशासन के अधिकारी का कहना है कि चारों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मरम्मत योग्य सड़कें चिन्हांकित कर इसकी रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेज दी गई है, जिसे मंजूरी मिलते ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

हरिभूमि सरोकार

150 किलोमीटर से अधिक सड़क की होगी मरम्मत

नगर निगम अंतर्गत मरम्मत के लिए चिन्हांकित की गई खराब सड़कों की कुल लंबाई 150 किलोमीटर से अधिक बताई जा रही है। इनमें ▶▶|शेष पेज 11 पर



100 किलोमीटर खराब सड़क का करेगा पेचवर्क

पीडब्ल्यूडी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर के चारों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लगभग 100 किलोमीटर सड़क बारिश के कारण खराब हो गई है। ये सड़क कहीं जर्जर तो कहीं गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इन खराब सड़कों में कहीं 500 मीटर, कहीं एक से तो किलोमीटर तक तो कहीं इससे अधिक किलोमीटर तक सड़क खराब हो चुकी है। पीडब्ल्यूडी ने इन खराब सड़कों को चिन्हांकित करने के साथ इनकी टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि चारों विधानसभा क्षेत्र में लगभग 40 सड़कों को चिन्हांकित किया है, जहां मरम्मत का काम होना है। इनमें से लगभग 22 सड़कों के लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली है, वहीं शेष सड़कों की टेंडर प्रक्रिया जारी है। जिन सड़कों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, उनमें कई सड़कों पर मरम्मत का काम भी शुरू हो चुका है।

दीपावली से पहले पूरा करा लिया जाएगा

दीपावली से पहले मरम्मत का काम पूरा कर लिया जाएगा। अभी तक लगभग 22 सड़कों की टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर मरम्मत का काम शुरू करा दिया है। शेष सड़कों की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर काम भी जल्द शुरू हो जाएगा।

- राजीव नशीने, एससी पीडब्ल्यूडी

चिन्हांकित कर प्रस्ताव भेजा है

चारों विधानसभा क्षेत्र से खराब सड़कों को चिन्हांकित कर प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजा है। मंजूरी मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। दीपावली के बाद मरम्मत का कार्य शुरू होगा।

- विनोद पांडेय अपर आयुक्त नगर निगम रायपुर

नगर निगम की खराब सड़कों का पेचवर्क दिवाली के बाद

नगर निगम प्रशासन की सड़कों की मरम्मत का काम दीपावली के बाद ही शुरू हो पाएगा। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में खराब सड़कों की मरम्मत के लिए नगरीय प्रशासन विभाग ने 4 करोड़ 50 लाख रुपए के बजट का प्रावधान किया है। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में खराब सड़कों को चिन्हांकित कर रिपोर्ट मांगी गई थी। निगम प्रशासन ने चारों विधानसभा क्षेत्रों की यह रिपोर्ट तैयार कर मंजूरी के लिए शासन को भेज दी है। मंजूरी मिलने के बाद टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगी। टेंडर की प्रक्रिया में 10 से 15 दिनों का समय लगने की संभावना है, वहीं वर्क आर्डर जारी होने के बाद काम शुरू होने में भी सप्ताहभर का समय लग जाएगा। इस तरह नगर निगम की सड़कों की मरम्मत अब दीपावली के बाद ही शुरू होगा।

उठाईगिरी की रकम 53 लाख को गीजर, टीवी, खिलौनों में छिपाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कटोरा चौक स्थित संत कंवर राम चौक के पास कारोबारी की एक्टिवा के पायदन में रखे नगदी 53 लाख रुपए की उठाईगिरी करने वाले दो शातिरों को सिविल लाइंस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। उठाईगिरी की घटना नौ अक्टूबर को हुई थी। पुलिस को चकमा देने आरोपियों ने घटना के बाद कई स्थानों में रुक कर अपने कपड़े बदले। एक सप्ताह रेकी करने के बाद शातिरों ने उठाईगिरी की घटना को अंजाम दिया। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे की जद में आने से बचने शातिरों ने वैकल्पिक रास्तों का प्रयोग किया।

शैलेंद्र नगर निवासी किशोर बलवानी की शिकायत पर पुलिस ने डीडीनगर सेक्टर-2 निवासी मनीष यदु, टाटीबंध ▶▶|शेष पेज 11 पर

बची रकम को तीन बैंक अकाउंट में जमा कराया



अंतर्राज्यीय गिरोह का रूप देने की कोशिश

पुलिस के अनुसार उठाईगिरी करने वाले शातिरों ने घटना के बाद पुलिस को गुमराह करने घटना को इंटर स्टेट गिरोह के बदमाशों ने अंजाम दिया है, ऐसा रूप देने घटना स्थल के दो सौ मीटर आगे अपने कपड़े बदल लिए। साथ ही शातिरों ने अपनी गाड़ी का नंबर प्लेट निकाल दिया था।

पकड़े जाने पर रकम की जब्ती न हो, इसलिए किया उपाय

पकड़े जाने पर उठाईगिरी की रकम पुलिस बरामद न कर पाए, इसका ध्यान रखते हुए आरोपियों ने रुपयों को अपने घर में लगे गीजर, टीवी तथा बच्चों के खिलौनों के अंदर छिपा कर रख दिया था। रकम का कुछ हिस्सा अपने तीन बैंक खातों में भी जमा कराया था, जिन्हें पुलिस ने फ्रीज कराया है। मोबाइल का लोकेशन ट्रेस न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए आरोपियों ने अपने मोबाइल को फ्लाइट मोड में डाल दिया था।



सरकारी में दो और निजी मेडिकल कालेजों की 85 सीटें रह गई बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय जेएनएम मेडिकल कालेज रायपुर की फ्रीडम फाइटर कोटे की एक और मनेन्द्रगढ़ में शासकीय कोटे की एक सीट सहित एमबीबीएस की 87 सीटें तीसरे राउंड के बाद खाली रह गई हैं। इनमें एडमिशन के लिए स्ट्रे राउंड का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए नया पंजीयन और पुराने लोगों को संस्था चयन के लिए शनि और रविवार का वक्त दिया गया है। मॉपअप राउंड ▶▶|शेष पेज 11 पर

- स्ट्रे राउंड एडमिशन के लिए नया पंजीयन और संस्था चयन आज और कल

निजी कालेजों में एनआरआई कोटे का बोझ

इस बार राज्य में छह निजी मेडिकल कालेजों में एडमिशन दिया जा रहा है। इन कालेजों में प्रबंधन और शासकीय कोटे की सीट तो लगभग भर गई। यहां एनआरआई कोटे की सीटों पर एडमिशन चुनौती भरा रहा और तीन राउंड के बाद भी 77 सीट खाली रह गई। विदेशी मुद्रा में मोटी फीस के नियम वाले एनआरआई कोटे की सीट का आवंटन अब प्रबंधन नियतांश के तहत किया जाएगा। इस कोटे ने मेडिकल कालेजों में रिक्त सीटों की संख्या बढ़ाई है अन्यथा मैनेजमेंट और शासकीय कोटे की इक्का-दुक्का सीट ही बाकी रह गई थी।

नशामुक्त भारत" राष्ट्रीय बाइक रैली का रायपुर आगमन

रायपुर। राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में देश को नशामुक्त बनाने तथा युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली जा रही "नशा मुक्त भारत" राष्ट्रीय बाइक रैली का शुक्रवार को रायपुर आगमन हुआ। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नरेट रायपुर की ओर से मरीन ड्राइव तेलीबांधा पर रैली में शामिल प्रतिभागियों का स्वागत



एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित तुकाराम कांबले, डीसीपी क्राइम स्मृति राजनाला, डीसीपी नॉर्थ जोन दीपमाला कश्यप एवं एडीसीपी मुख्यालय निमिषा पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय बाइक रैली ओडिशा के बरगढ़ से होते हुए छत्तीसगढ़ पहुंची है।



मौसम में बदलाव

दशहरे के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट, गुलाबी ठंड का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिम-पश्चिम मानसून भारत से विदा हो चुका है। छत्तीसगढ़ के न्यूनतम तापमान मे दशहरे के बाद गिरावट आने के साथ ठंड की आहट होने की संभावना बन रही है। 21 अक्टूबर से सरगुजा के न्यूनतम तापमान में कमी आना शुरू होगी और 23 तक इसका असर बस्तर तक होगा। रात का तापमान जो अभी 20 से 25 डिग्री के बीच है, उसमें दो से तीन डिग्री की कमी आने की संभावना बन रही है। गुलाबी ठंड का अनुभव सुबह-सुबह होगा। राज्य से मानसून की विदाई हो चुकी है मगर समय-समय पर बनने वाले सिस्टम के प्रभाव से ▶▶|शेष पेज 11 पर



छिंदगढ़ में 9 सेमी. बरसे

अभी उत्तर-तटीय आंध्रप्रदेश से लेकर उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक द्रोणिका बनी हुई है। इसके प्रभाव बस्तर के कुछ एक इलाकों में वर्षा हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में सुकमा के छिंदगढ़ में बादल 9 सेमी. तक बरस गए। वहीं बड़े बचेली, दंतेवाड़ा समेत कुछ अन्य क्षेत्रों में बारिश हो गई।दो दिन इसी तरह की स्थिति रहने की संभावना है इसके बाद मौसम साफ होगा और न्यूनतम तापमान में कमी आएगी।

मिशन 2028 पर राष्ट्रीय संगठन का अभी से बड़ा फोकस

दो बार के पूर्व सांसद, विधायकों के साथ भी वन-टू-वन करेंगी प्रदेश प्रभारी स्मृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

भाजपा की नई प्रदेश प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी 25 और 26 अक्टूबर को रायपुर में प्रदेश भाजपा संगठन की मैराथन बैठकें लेने वाली हैं। इस बैठक में बड़ा फोकस मिशन 2028 यानी विधानसभा का चुनाव रहेगा। यही वजह है कि प्रदेश में दो बार के पूर्व सांसद और दो बार के पूर्व विधायकों को भी प्रदेश संगठन आमंत्रित कर रहा है। इसके साथ प्रदेश प्रभारी की वन टू वन बात होगी। भाजपा हमेशा से ही किसी भी राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर काफी पहले से तैयारी करती है। यहां भी काफी पहले से तैयारी चल रही है। अब इस तैयारी को नई प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी के आने के बाद और तेज किया जाएगा। प्रभारी बनने के बाद स्मृति ईरानी का पहला दौरा इस माह हो रहा है। इस दौरे में संगठन को मजबूत करने के साथ ही विधानसभा चुनाव 2028 को लेकर भी मंथन होगा।





पुराने नेताओं को आमंत्रण

बैठकों के दौर में अलग-अलग बैठकें होगी। इसमें सरकार के मंत्रियों, विधायकों और सांसद, प्रदेश संगठन के सभी पदाधिकारियों, निगम, मंडल, आयोग के अध्यक्ष, मोर्चा और प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, संभाग और जिलों के प्रभारी सह प्रभारियों के साथ तो बैठक होगी ही, लेकिन इसी के साथ पूर्व विधायक और सांसदों के साथ भी बैठक की रणनीति बनाई गई है। भाजपा हमेशा से ही पुराने नेताओं को भी साथ लेकर चलती है। ऐसे में प्रदेश प्रभारी के दौरे में प्रदेश के ऐसे पूर्व विधायक और सांसदों को आमंत्रित किया जा रहा है, जिनका कार्यकाल दो बार का रहा है। इनके साथ प्रदेश प्रभारी अलग से बैठक करेंगी और इनके साथ रायशुमारी होगी। इनसे पूरा फीडबैक लिया जाएगा। इसी के साथ कई पुराने नेताओं को जिम्मेदारी भी दी जा सकती है। इस समय प्रदेश में ऐसे कई पूर्व सांसद और विधायक हैं जिनके पास कोई जिम्मेदारी नहीं है, इनकी जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। प्रदेश में दो बार के पूर्व सांसद और विधायक 60 से ज्यादा हैं।इन सभी को बैठक के लिए प्रदेश संगठन आमंत्रित कर रहा है।

खबर संक्षेप



स्वीकृत निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करने निर्देश

रायपुर। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रेडक्रॉस सभाकक्ष में निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर स्वीकृत, प्रगतिरत एवं अप्रारंभ निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों एवं निर्माण एजेंसियों को सभी स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), शिक्षा विभाग, नगर निगम, जिला पंचायत सहित विभिन्न विभागों में पूर्व एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान स्वीकृत निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

पारिवारिक दान पर पंजीयन शुल्क छूट दे रहा बड़ी राहत

रायपुर। पारिवारिक दान के अंतर्गत पंजीयन शुल्क में दी जा रही छूट से लोगों को बड़ी आर्थिक राहत मिल रही है। जवाहर नगर रायपुर निवासी उमंग सोनी को अपने पिता के माध्यम से मकान का पंजीकृत दान प्राप्त हुआ। दान के पहले मकान के पंजीयन पर 73632 रुपए शुल्क देना पड़ता था, वहीं पारिवारिक दान पर पंजीयन शुल्क के बाद अब पंजीयन शुल्क 500 रुपए देना पड़ रहा है।

खाद्यमंत्री ने की खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 की तैयारियों की समीक्षा

खाद्यमंत्री बघेल बोले- धान खरीदी के लिए समय रहते पूरी करें सभी तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा है कि आगामी धान खरीदी के दौरान किसानों की सुविधा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों को पंजीयन और टोकन प्राप्त करने से लेकर खरीदी केंद्र में धान विक्रय तक किसी भी स्तर पर परेशानी नहीं होनी चाहिए।

इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने अधिकारियों को धान खरीदी केंद्रों में बारदाना, इलेक्ट्रॉनिक तौल, बिजली, पेयजल सहित किसानों की सुविधा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद्य मंत्री श्री बघेल की अध्यक्षता में शुक्रवार आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीदी की तैयारियों, कस्टम मिलिंग, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, खाद्यान्न भंडारण एवं परिवहन सहित विभागीय योजनाओं और गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित, पारदर्शी और किसान हितैषी होनी चाहिए। खरीदी शुरू होने से पहले सभी केंद्रों में आवश्यक संसाधनों और सुविधाओं की उपलब्धता का परीक्षण कर कमियों को दूर किया जाए।

कस्टम मिलिंग पर दिए ये निर्देश

खाद्य मंत्री ने कस्टम मिलिंग की स्थिति की समीक्षा करते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों अथवा केंद्रों में धान के उठाव या कस्टम मिलिंग से संबंधित समस्या सामने आ रही है, वहां वास्तविक स्थिति का आकलन कर समयबद्ध समाधान किया जाए। धान खरीदी, उठाव और कस्टम मिलिंग के बीच बेहतर समन्वय रखा जाए, जिससे पूरी व्यवस्था निर्बाध रूप से संचालित हो सके।

खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा का रखें विशेष ध्यान

मंत्री श्री बघेल ने कहा कि खरीदी केंद्र तक पहुंचने वाले किसान को अनावश्यक प्रतीक्षा अथवा असुविधा का सामना न करना पड़े। टोकन व्यवस्था सुचारु रखी जाए और किसानों को प्रक्रिया से जुड़ी जरूरी जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए। धान खरीदी से जुड़े अधिकारी अपने-अपने स्तर पर तैयारियों की नियमित समीक्षा करें और किसी भी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने खरीदी केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि बारदाने की कमी के कारण खरीदी प्रभावित नहीं होनी चाहिए। नए धान खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक माप-तौल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी केंद्रों में बिजली, पेयजल एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहें।

प्रदेश के 2.74 करोड़ लोगों तक पहुंच रही खाद्य सुरक्षा

बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की भी विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में कुल 83.33 लाख राशन कार्ड प्रचलित हैं, जिनमें 274.04 लाख सदस्य पंजीकृत हैं। वर्ष 2025 की अनुमानित 3.08 करोड़ आबादी के आधार पर प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का कवरेज लगभग 89 प्रतिशत है।बैठक में खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले, संचालक फरिहा आलम, छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउस के संचालक आशीष टिकरीहा, संचालक माप-तौल सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बृजमोहन के प्रयासों से 3 नई मेमू ट्रेनों के परिचालन को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सांसद बृजमोहन अग्रवाल के निरंतर और अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ की रेल कनेक्टिविटी को एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। जनसुविधा के विस्तार और क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय, भारत सरकार ने रायपुर से रावघाट और कुरुद के बीच 3 नई मेमू यात्री ट्रेनों के परिचालन को औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृजमोहन अग्रवाल को पत्र लिखकर इन नई रेल सेवाओं की स्वीकृति की जानकारी दी है। पत्र के अनुसार रायपुर से रावघाट, रायपुर से कुरुद तक दो मेमू ट्रेन। श्री अग्रवाल ने कहा, हमारा निरंतर संकल्प रहा है कि क्षेत्र की जनता को बेहतर, सुगम और किफायती आवागमन के साधन सुलभ हों। मैने रेल मंत्री से मेमू ट्रेनों के संचालन के लिए अनुरोध किया था, जिसके बाद इनके परिचालन को हरी झंडी मिल गई है। रायपुर से रावघाट और कुरुद के बीच नई मेमू ट्रेनों के शुरू होने से दैनिक यात्रियों, नौकरीपेशा वर्ग, किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों तथा सुदूर अंचल से राजधानी आने-जाने वाले मरीजों एवं आम नागरिकों को सीधी और त्वरित यात्रा सुविधा मिलेगी।

बैज बोले - बस्तर से लेकर सरगुजा तक आदिवासी यूसीसी को लेकर चिंतित

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा आदिवासी संस्कृति को नष्ट करने पर तुली है। यूसीसी लागू करना आदिम जाति कल्याण विभाग का नाम बदलना इसी साजिश का हिस्सा है। प्रदेश के आदिवासी इस षड्यंत्र को समझ रहे, इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। श्री बैज ने कहा, भाजपा सरकार प्रदेश में यूसीसी लागू करने जा रही है। यूसीसी से राज्य के 32 प्रतिशत आबादी आदिवासियों के हितों के खिलाफ है। यही कारण है कि सरगुजा से लेकर बस्तर तक आदिवासी समाज के लोग यूसीसी का विरोध कर रहे हैं। यूसीसी कमेटी सरगुजा गई तो वहां पर लोग इसके खिलाफ में थे। बस्तर में भी आदिवासी समाज यूसीसी को लेकर चिंतित है। राज्य में आदिवासियों को विशेष संवैधानिक संरक्षण मिला है। प्रदेश में पेसा कानून लगा है। पांचवी अनुसूची भी है। आदिवासियों के लिए राजस्व संहिता में विशेष प्रावधान है।



PRESENTED BY GBM
inh 24x7 हरिभूमि
POWERED BY NAVKAR JEWELLERS From Creation to Celebration

रास गरबा WITH Bhajan Dandiya

मुख्य संयोजक
पूज्य छत्तीसगढ़ सिन्धी पंचायत युवा विंग


माननीय विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ


श्री राजेश अग्रवाल
केबिनेट मंत्री, छ. ग. शासन


श्री अमित चिमनानी
प्रदेश प्रवक्ता - भारतीय जनता पार्टी, छ.ग.

आज भव्य शुभारंभ



IN ASSOCIATION WITH Chhattisgarh full of surprises Chhattisgarh Tourism Board


श्री नीलू शर्मा
अध्यक्ष-छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल

17 18 19 OCTOBER 2026
TIME: 8PM ONWARDS
HUKAM'S LALIT MAHAL
RAIPUR, (C.G)

VENUE Hukam's LALIT MAHAL HOTEL | CONVENTION | CLUB

आयोजन में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का प्रबोधन भी किया जायेगा

MALL PARTNER Magneto Mall | OUTDOOR MEDIA PARTNER ROCHAK Advertising | OFFICIAL INFLUENCER EXPLORE @ExploreWithSparsh | DIGITAL MEDIA PARTNER Brandship | AD AGENCY PARTNER Maa | DIGITAL PRINT PARTNER nix | PHOTOGRAPHY BY Lavanya Photography | COMMUNITY PARTNER FIND YOUR VIBE! | OFFICIAL FOOD COURT YAARAN DA ADDA

CO-POWERED BY avinash a relation for life
REAL ESTATE PARTNER ASHTVINAYAKA REALTIES
SPONSORED BY Godrej Presents POOJA
SOLAR PARTNER TATA POWER SOLAROOF
SOLAR PARTNER SANKALP POWER SOLUTIONS
SPONSORED BY SCREW DRIVER
HEALTH CARE PARTNER ITSA HOSPITALS
FOUR WHEELER PARTNER Mahindra | SHIVNATH GROUP Shivnath Motors (I) Pvt. Ltd.
FURNITURE PARTNER Lavkush Sales
FOUR WHEELER PARTNER SKY AUTOMOBILES
WELLNESS PARTNER ASEEM SEHGAL
BREATH FRESHNER PARTNER MOUNTAIN BREEZE
SPONSORED BY Raheja Group
SILVER JEWELLERY PARTNER Pratham BIS Hallmarked Silver Jewellery
ORGANIC GROCERY PARTNER ORGALIFE Eat Organic, Stay Healthy
TROPHY PARTNER brand Gifts By Memorable Gifts
EDUCATION PARTNER Davara University
FOOTWEAR PARTNER NEXO the ultimate footwear
CONSUMER DURABLE PARTNER LOTUS Electronics Supermarket
FASHION PARTNER Generation
CUSTOMIZED OUTFIT PARTNER geometry THE DESIGN STUDIO
SPONSORED BY BIKAJI
SPICES PARTNER Suresh Masala

EVENT MANAGED BY - ANIL JOTSINGHANI

खबर संक्षेप

मोर मया के फूल का मंचन 20 को टेकारी में

आरंग। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम टेकारी (कुंडा) में भक्तिमय वातावरण के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। संगी जहुरिया दुर्गा उत्सव समिति, इंदिरा चौक भाठापारा टेकारी के तत्वावधान में आगामी 20 अक्टूबर को रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मोर मया के फूल नाच पार्टी, सारंगपुरी, जिला धमतरी द्वारा विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, परंपरा और मनोरंजन से सजी इस प्रस्तुति को लेकर आयोजन समिति द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। नवरात्रि पर्व के दौरान आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम क्षेत्रवासियों के लिए मनोरंजन के साथ ही छत्तीसगढ़ी लोककला और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर होगा।

तंबाकू उत्पादों का 'रावण' पुतला बनाकर किया दहन



खोरपा। 16 अक्टूबर को खोरपा में अंग्रेजी परियोजना के अंतर्गत विषय पर आधारित विद्यार्थियों को तम्बाकु तथा तम्बाकु से बने हुए उत्पाद के दुष्प्रभावों से अवगत कराने, प्रतिकात्मक रावण दहन किया गया। जिसे कलयुग का रावण नाम दिया गया। यह प्रयोजन कार्य विद्यार्थीयों ने व्याख्याता पद्मा देवी साहू के मार्गदर्शन में किया। इस्का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना विद्यार्थियों के अंदर नैतिक मूल्यों का विकास कर उन्हें देश समाज के लिए जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। इसके विविध दुष्परिणामों को अवगत कराने के पश्चात समस्त विद्यार्थियों को यह शपथ दिलाई गई कि वे जीवन में कभी भी तम्बाकू या तम्बाकू से बने किसी भी पदारथों का सेवन नहीं करेंगे तथा आस-पास के लोगों को भी जागरूक करेंगे। पीएम श्री स्कूल खोरपा विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान देने के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान देने की दिशा में भी प्रयास करता है।

निधन

प्रमिला लहरे

आरंग। ग्राम टेकारी (कुंडा) निवासी 43 वर्षीया प्रमिला लहरे का बीते गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। वह टेकारी के पूर्व सरपंच गणेश लहरे की पत्नी थीं। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //

रा.प्र. क्रमांक / /अ-6/2025-2026
रायपुर, दिनांक 13/10/2026
ग्राम- भाठागांव प.ह.नं.- 60,
तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 01. श्री भूपेन्द्र कुमार सिन्हा 02. श्री केशव प्रसाद सिन्हा दोनो पिता स्व. श्री जीवन लाल सिन्हा दोनो निवासी- ग्राम व पोस्ट. झींट तह. पाटन व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम भाठागांव, प.ह.नं. 60, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमिस्वामी हक की स्वत्व एवं स्वामित्व की परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 679/21, रकबा 0.0093 है, भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदकगण के पिता श्री जीवन लाल सिन्हा पिता स्व. ईतवारी राम सिन्हा के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि में आवेदकगण के पिता श्री जीवन लाल सिन्हा पिता स्व. ईतवारी राम सिन्हा की मृत्यु दिनांक 12/10/2022 को हो चुकी है। जिन्होंने अपने जीवनकाल में पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 06/10/2015 को आवेदकगण के पक्ष में निष्पादित किया है। अतः उक्त भूमि का आवेदकगण के पिता श्री जीवन लाल सिन्हा पिता स्व. ईतवारी राम सिन्हा के मृत्यु उपरांत उनका नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदकगण अपना नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 22/10/2026 को होगी। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 22/10/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

आरंग में चैतन्य देवियों की झांकी आकर्षण का केंद्र

आरंग। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर आरंग में आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण है। इसी कड़ी में प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय, गुड़ियारी पारा आरंग में बुधवार 14 अक्टूबर से पांच चैतन्य देवियों की झांकी का शुभारंभ हुआ। आज दूसरे दिन आरंग के दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष मनोज चंद्राकर, उपाध्यक्ष मोहन साहू, कोषाध्यक्ष संतोष चंद्राकर, सुजीत चंद्राकर एवं सिख समाज के अध्यक्ष सतनाम टूटेजा ने चैतन्य देवियों की झांकी में दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, मां उमा देवी और मां काली के साक्षात चैतन्य स्वरूप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। यह पांच दिवसीय आयोजन 18 अक्टूबर तक चलेगा। प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक श्रद्धालु देवियों के दर्शन कर सकेंगे। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान की लता बहन जी ने कहा कि मां दुर्गा का आगमन जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा



का संदेश लेकर आता है। चैतन्य देवियों के स्वरूपों से प्रेरणा लेकर हमें सहनशीलता, पवित्रता, निर्भीकता और करुणा जैसे दिव्य गुणों को अपने आचरण में अपनाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख-शांति और खुशहाली की मंगलकामना की। संस्थान की ओर से श्रद्धालुओं से सपरिवार पहुंचकर पांचों देवियों के दर्शन करने तथा आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ उठाने की अपील की गई है।

कोरासी में मां दुर्गा को 56 भोग किया गया अर्पित

आरंग। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नवयुवक दुर्गा समिति बाजार चौक कोरासी के तत्वावधान में भव्य मां दुर्गा महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन किया गया। भक्ति, शक्ति और संस्कृति के इस अनूठे संगम में गांव के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। महाआरती के दौरान पंडाल में भक्तिमय माहौल रहा। मां दुर्गा के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। यह महाआरती केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में सुख, समृद्धि और आपसी भाईचारे की कामना का प्रतीक है। इस पावन पर्व पर ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं ने सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।



ब्लॉक के बड़े गांवों में से एक ग्राम कोरासी में कुल 12 स्थानों पर मां दुर्गा की मूर्तियों की स्थापना की गई है। इस गांव की एक बड़ी विशेषता यह भी है कि सभी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन एक साथ टोकन सिस्टम से किया जाता है। इस परंपरा का शुभारंभ वर्ष 2015 में तत्कालीन ग्रामसभा अध्यक्ष खिलेश देवांगन और वर्तमान सरपंच खिलेश चेलक की पहल पर किया गया था। गांव में नवरात्रि का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। महाआरती के अवसर पर खिलेश देवांगन पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, सोनू शर्मा, दोमन देवांगन, थामलेश साहू, अश्वनी देवांगन, अजीत देवांगन, हरीश देवांगन, द्वारिका यादव, अभिषेक देवांगन, अंगद शर्मा, कोमल देवांगन, लुकेश देवांगन, सोमू शर्मा, पंचराम साहू, खिलावन देवांगन, जनक देवांगन सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

बच्चे के घर नहीं लौटने की सूचना पर पुलिस ने की नाकेबंदी

घर से लापता 8 वर्षीय मासूम सकुशल बरामद पेट्रोल पंप के पास छोड़कर भागे अपहरणकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ संदिग्ध वाहनों की जांच में जुटी रही टीम

रायपुर ग्रामीण पुलिस की तत्परता से घर से साइकिल चलाने निकला 8 वर्षीय मासूम सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस की घेराबंदी और तलाशी अभियान के बीच कथित अपहरणकर्ता बच्चे को आरंग क्षेत्र के समोदा स्थित एक पेट्रोल पंप के पास छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने बच्चे को सुरक्षित अपने कब्जे में लेकर आवश्यक चिकित्सकीय जांच के बाद परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद से पुलिस आरोपियों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बालाजीपुरम कॉलोनी में एक परिवार किराए के मकान में रहता है। बच्चे की मां अस्पताल में नर्स के रूप में कार्यरत हैं, जबकि पिता मेडिकल स्टोर में काम करते हैं। बताया गया कि बच्चा घर से साइकिल चलाने निकला था, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा आसपास तलाश किए जाने के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर शुक्रवार को शाम करीब 4 बजे थाना आरंग में इसकी सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस

मामले की गंभीरता को देखते हुए रायपुर ग्रामीण पुलिस की विशेष टीमें गठित की गईं। संभावित रास्तों और सीमाओं पर नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की गई। वहीं, बच्चे की तलाश के लिए कॉलोनी और मुख्य मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले गए। पुलिस की विभिन्न टीमें लगातार संभावित स्थानों पर तलाश में जुटी रहीं।



फाइल फोटो



समोदा पेट्रोल पंप के पास छोड़कर फरार हुए आरोपी

रायपुर ग्रामीण पुलिस के उच्चाधिकारी अभिषेक झा के अनुसार, तलाशी अभियान और नाकेबंदी के बीच बच्चे को समोदा स्थित एक पेट्रोल पंप के पास छोड़ दिया गया, जहां से कथित अपहरणकर्ता फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बच्चे को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। आवश्यक चिकित्सकीय जांच के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

बच्चे के सकुशल मिलने से परिजनों ने ली राहत की सांस

काफी देर तक बच्चे का पता नहीं चलने से परिजन चिंतित थे। बच्चे के सकुशल मिलने के बाद परिवार ने राहत की सांस ली। परिजनों और स्थानीय लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल आरोपियों की पहचान की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई जांच के आधार पर की जाएगी।

चरौदा के माता खल्लारी मंदिर का जीर्णोद्धार जारी

आरंग। अंचल के ग्राम चरौदा में स्थित जन आस्था के केंद्र माता खल्लारी मंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। स्वर्गीय बन्धु साहू की स्मृति में उनके सुपुत्र शिवकुमार साहू द्वारा मंदिर का नवनिर्माण कराया जा रहा है।



ग्रामीणों के अनुसार गांव की चारों दिशाओं में देवियां विराजमान हैं। पूर्व में प्रवेश द्वार पर माता खल्लारी, पश्चिम में माता चंडी, उत्तर में चितावर दाई और गांव के मध्य में माता शीतला स्थापित हैं। दोनों नवरात्रि में चारों बहनों की विशेष पूजा-अर्चना होती है और सैकड़ों मनोकामना ज्योतियां प्रज्वलित की जाती हैं। शिवकुमार साहू ने बताया कि माता खल्लारी की महिमा निराली है। सच्ची आस्था से मत्था टेकने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामना माता अवश्य पूरी करती हैं। माता के आशीर्वाद से उनकी मनोकामना पूरी हुई, जिससे प्रेरित होकर उन्होंने जीर्णोद्धार का संकल्प लिया। गांव में मान्यता है कि माता खल्लारी ग्राम की रक्षा करती हैं। विवाह के अवसर पर युवक-युवतियां माता से आशीर्वाद लेकर यहीं से चूलमाटी लेकर जाते हैं। पहले मंदिर में पूजा स्व. पुनीत राम धीवर, फिर शंतु धीवर, खोरबाहरा यादव, शत्रुहन यादव, बुधारू यादव और शत्रुहन साहू द्वारा की जाती थी। पिछले कुछ वर्षों से पूजा का दायित्व सुरेन्द्र धीवर निभा रहे हैं। वर्तमान में निर्माण कार्य में शिवकुमार साहू के साथ मुकेश धीवर, चुरावन धीवर और सुरेन्द्र धीवर विशेष सहभागिता निभा रहे हैं।

तरपोंगी में आज निकलेगी माता की चुनरी यात्रा

तरपोंगी। स्थानीय ग्राम तरपोंगी में जगदम्बा सेवा समिति द्वारा 17 अक्टूबर को धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ एक भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम में सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना को लेकर इस विशाल चुनरी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। तय कार्यक्रम के अनुसार, यात्रा शाम 4 बजे शीतला मुख्य मंदिर प्रांगण से विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद शुरू होगी। चुनरी यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा और ग्रामीण पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। ढोल-नगाड़ों, डीजे की भक्ति धुनों और माता के जयकारों के साथ यह शोभायात्रा गांव के सभी दुर्गा पंडालो से होकर गुजरेगी, जहां जगह-जगह ग्रामीण पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत करेंगे। इसके उपरांत यात्रा गंतव्य पर पहुंचेगी, जहां माता रानी को विधिवत चुनरी अर्पित कर महाआरती व प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने आसपास के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इस पावन आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

चंदखुरी मंदिर में 757 ज्योत कलश स्थापित

आरंग। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर माता कौशिल्या की पावन नगरी चंदखुरी स्थित कौशिल्या माता मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिल रहा है। यहां भक्तों द्वारा अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति एवं सुख-समृद्धि की कामना के साथ 58 घृत ज्योत और 699 तेल ज्योत सहित कुल 757



मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की गई हैं। ज्योत की पवित्र रोशनी से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा है। नवरात्रि के अवसर पर माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

पंचमी पर नव दुर्गा मंदिर में 56 भोग किया अर्पित

आरंग। श्री सार्वजनिक नव दुर्गा मंदिर, आरंग में पंचमी के पावन अवसर पर मंदिर का रजत जयंती वर्ष (25वें स्थापना उत्सव) अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर मां दुर्गा को छप्पन भोग अर्पित किया गया और भव्य महाआरती का



आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर को बैलून (गुब्बारों) और कदली (केले) के पेड़ों से बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इस पावन अवसर पर 'स्मारिका/आरती पुस्तक' का प्रकाशन किया गया। पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथियों पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्यनारायण शर्मा, उदय नारायण अग्रवाल और श्रवण अग्रवाल के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। विमोचन के तुरंत बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को स्मारिका आरती पुस्तक वितरित की गई। मां को छप्पन भोग लगाने के बाद, देर रात तक श्रद्धालुओं के बीच सुव्यवस्थित रूप से प्रसाद का वितरण किया जाता रहा। आरंग का यह 25वां स्थापना उत्सव क्षेत्र में भक्तिमय और उत्साहपूर्ण माहौल के साथ संपन्न हुआ।

शाला प्रबंधन समिति गठित नहीं करने पर कांग्रेस करेगी आंदोलन

आरंग। विकासखंड आरंग के शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में शासन के स्पष्ट आदेश के बावजूद नवीन विद्यालय प्रबंधन समिति का पारदर्शी गठन न होने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग शहर ने गहरी नाराजगी जताई है। इस संबंध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पार्षद खिलावन निषाद के नेतृत्व में विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा 6 मई 2026 को जारी गाइडलाइन और छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 12 जून 2026 को जारी निर्देशानुसार प्रदेश के सभी विद्यालयों में एसएमसी का पुनर्गठन किया जाना था। परंतु आरंग विकासखंड के अधिकांश स्कूलों में न तो अभिभावकों की बैठक बुलाई गई और न ही सार्वजनिक सूचना देकर पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई गई।

अटल विहार में 7 लाख के विकास कार्यों की घोषणा

आरंग। अटल विहार कॉलोनी में नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर खुशियों की सौगात लेकर पहुंचे मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने 15 अक्टूबर को कॉलोनी स्थित झंडा चौक दुर्गा पंडाल एवं महादेव अटलेश्वर दुर्गा पंडाल में पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर माता रानी की आरती उतारी तथा आरंगवासियों के सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अटल विहार कॉलोनीवासियों की मांग पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने दोनों दुर्गा पंडालों के विकास के लिए कुल 7 लाख रुपये के विकास कार्यों की घोषणा कर कॉलोनीवासियों को बड़ी सौगात दी। इसके अंतर्गत महादेव अटलेश्वर दुर्गा पंडाल के लिए 3 लाख रुपये तथा झंडा चौक दुर्गा पंडाल के लिए 4 लाख रुपये के विकास कार्यों की घोषणा की गई। मंत्री की इस घोषणा से



अटल विहार कॉलोनीवासियों एवं दुर्गा उत्सव समितियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। विकास कार्यों की इस सौगात से दोनों पंडालों में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार एवं धार्मिक आयोजनों को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी।

पेज 09 के शेष

मॉडल्स और झांकियों....

गोपियापारा मार्ग पर टेबल सजाकर किया, तब सिर्फ 5 झांकियों से शुरुआत की गई थी।

झांकियों की एक झलक पाने उमड़ी भीड़: विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों में शानदार मूवमेंट भी देखने को मिला। जैसे पंख हिलाता हुआ पुष्पक विमान, मुंह से धुआं छोड़ता राक्षस या पानी की पिचकारी छोड़ते हुए मॉडलों के बीच चलते-फिरते दृश्यों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों ने समसामयिक विषयों जैसे चंद्रयान-3 और विक्रम लैंडर से लेकर पारंपरिक धार्मिक प्रसंगों जैसे जटायु, बजरंगबली, शिव परिवार और सामाजिक मुद्दों पर मॉडल तैयार किए, इन्हें लोगों द्वारा भी पसंद किया गया। आकार में बेहद छोटी होने के बाद भी मिनी मॉडल झांकियों में लाइटिंग, डीजे सेटअप और बारीकियां इतनी सटीक थी, जिन्हें देखने के लिए लक्ष्मी नगर, चंगोराभाटा, कालीबाड़ी, लाखेनगर, कुशालपुर, सदर बाजार के लोगों का हुजूम मिनी झांकियों की एक झलक पाने के लिए उमड़ा।

श्री जगन्नाथ प्रभु, सुभद्रा, बलदाऊ आकर्षण: उन्होंने बताया कि पिछले सीजन में बच्चों और विद्यार्थियों ने मिलकर 200 से अधिक मॉडल मिनी झांकियों की कतार सजाई थी। इस बार एक से तीन फीट ऊंची करीब 300 झांकियों को आकर्षण का केन्द्र बनाया। इसमें प्रत्येक ग्रुप को प्रोत्साहन राशि देते हैं, ताकि वे मॉडल झांकियों को तैयार करने में खर्च होने वाली राशि का कुछ हिस्सा उत्साहवर्धन स्वरूप प्राप्त कर सकें। अंधेरा बढ़ने के साथ ही करीब आधा किलो मीटर वन-वे सड़क पर एक कतार में जुगाड़ और तकनीकी कौशल से तैयार की गई झांकियों को चलाने के लिए भारी-भरकम जनरेटर की बजाय बच्चे खुद बैटरी और छोटे मोटर के जुगाड़ से रोशन करते हुए आगे बढ़े। सजाई गई श्रृंखला में मां काली के रौद्र रूप, रक्तबीज संहार, कांतारा थीम, रामलीला मैदान, श्री जगन्नाथ प्रभु, सुभद्रा और बलदाऊ आकर्षण के केन्द्र रहे।

मिनी साइज की भव्यता: आकार में बेहद छोटी होने के बावजूद, इनमें की गई लाइटिंग, डीजे सेटअप और बारीकियां इतनी सटीक होती हैं कि इन्हें देखने के लिए दूर-दूर से लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता है।

सड़कों के पेचवर्क ....

कई सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे तक हो गए हैं। इन गड्ढों को पहले भरा जाएगा। इसके बाद डामरीकरण का काम होगा। इस तरह मरम्मत का काम लगभग माहभर तक चलेगा।

दीपावली से पहले पेचवर्क का काम पूरा होने की संभावना: पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के अनुसार खराब सड़कों की मरम्मत का काम दीपावली से पहले पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए शेष सड़कों की टेंडर प्रक्रिया भी जल्द ही पूरी कर ली जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि टेंडर प्रकिया के बाद मरम्मत का कार्य तेज गति से होता है, इसलिए दीपावली के पहले तक शत-प्रतिशत खराब सड़कों की मरम्मत का काम पूरा करने की संभावना है।

उठाईगिरी की रकम .....

निवासी कमलेश कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। कारोबारी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनका पंडरी में रेडीमेड कपड़ों का कारोबार है। घटना दिनांक को वो संत कंवर राम चौक के पास एक पान ठेला के पास खाने रुका। लौटने पर उसने देखा कि एक्टिवा के पायदन में रखा रुपयों से भरा बैग गायब है। इस पर उसने थाने में उठाईगिरी होने की रिपोर्ट कराई।

गाड़ी का लोकेशन ट्रैक करने पर पकड़े गए: गाड़ी में नंबर प्लेट नहीं थी। इसका ध्यान रखते हुए पुलिस ने संबंधित पल्सर गाड़ी का लोकेशन ट्रेस करने गाड़ी जिन रास्तों से होकर गुजरी थी, उन रास्तों में लगे हजारों सीसीटीवी कैमरे की मदद ली और आरोपियों तक पहुंची। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पिछले एक सप्ताह से प्रार्थी का पीछा कर उसकी रेकी कर रहे थे तथा उसकी दैनिक गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। वे प्रार्थी के घर से दुकान आने-जाने एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी जुटा रहे थे। संत कंवर राम चौक के पास मौका पाकर घटना को अंजाम दिया।

लूट के झूठे आरोप में एक जेल जा चुका है : घटना में शामिल मनीष वर्ष 2012 में आजाद चौक थाना क्षेत्र में लूट के झूठे आरोप में जेल जा चुका है। इसके अलावा दोनों आरोपी जुआ, सट्टा खेलने के आदी हैं। आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि उन्हें पैसों की जरूरत थी, इसलिए कारोबारी के बारे में जानकारी जुटाकर उनके साथ उठाईगिरी की घटना को अंजाम दिया। मनीष मूलतः बिहार का रहने वाला है, दोनों पेशे से ड्राइवर तथा दूसरों की गाड़ी चलाने का काम करते थे।

सरकारी में दो ....

पूरा होने के बाद निजी मेडिकल कालेजों में एनआरआई कोटे की करीब 77 सीट खाली रह गई है, जिसे प्रबंधन कोटे में तब्दील कर दिया गया है।

तीन दौर की काउंसिलिंग के बाद शासकीय मेडिकल कालेजों में स्टेट कोटे की सीट मात्र दो को छोड़कर पूरी भर गई है। शासकीय मेडिकल कालेज में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नियतांश की एक सीट बाकी है, जिस पर 18 अक्टूबर तक एडमिशन नहीं होने पर उसे सामान्य कोटे के तहत आवंटित कर दिया जाएगा। मनेन्द्रगढ़ शासकीय मेडिकल कालेज में भी एक सीट रिक्त है, वहीं शासकीय मेडिकल कालेजों में तीन राउंड के बाद भी नहीं भरी। अप्रवासी भारतीय नियतांश की करीब 77 सीटों को प्रबंधन को वापस कर दिया गया है, जिसे मिलाकर उन कालेजों में 85 सीटें बाकी रह गई हैं। शासकीय और निजी मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस की कुल 87 सीटों पर प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग स्ट्रे राउंड की काउंसिलिंग कराएगा। इसके लिए 17 और 18 अक्टूबर को पात्र अभ्यर्थियों से नया ऑनलाइन आवेदन और पुराने को संस्था चयन का मौका दिया गया है।

बीडीएस की 93 सीट शेष: शुरु से ही स्लो पोजीशन पर चल रही बीडीएस की सरकारी से लेकर निजी डेंटल कालेजों की 93 सीट स्ट्रे वैकेंसी राउंड में शामिल की जाएगी। इसमें एकमात्र शासकीय डेंटल कालेज की 18 सीट शामिल है। काउंसिलिंग कमेटी के सूत्रों के मुताबिक स्ट्रे राउंड के बाद सीटो की उपलब्धता, पर्याप्त समय अथवा एमसीसी के प्रवेश परिवर्तन की अंतिम तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

मॉपअप राउंड में ऐसा प्रवेश:
तीसरे राउंड (मॉपअप) के दौरान
एमबीबीएस:- शासकीय 21 में 19 और निजी कालेजों की 112 में से 101 सीटों पर एडमिशन पूरा
बीडीएस:- शासकीय की 34 में 16 और प्रायवेट की 172 में 118 सीटों में प्रवेश पूरा हुआ

दशहरे के बाद ....

किसी ना किसी इलाके में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। इसकी वजह से वातावरण में आर्द्रता की मात्रा खत्म नहीं हो पा रही है। दो-तीन दिन इसमें बड़ा बदलाव नहीं होगा, मगर उसके बाद यानी दशहरा के बाद 21 अक्टूबर से हल्की ठंड शुरू होने का अनुमान है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक आने वाले दिनों में वातावरण में शुष्कता बढ़ेगी, जिससे रात के न्यूनतम तापमान में कमी आएगी।

लक्षवीर बांधे व पितेश्वर साहू को उत्कृष्ट विज्ञान-गणित लर्निंग कार्नर पुरस्कार

अभनपुर। आदर्श शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंडी के प्रधान पाठक लक्षवीर बांधे एवं शिक्षक पितेश्वर सिंह साहू को विद्यालय में उत्कृष्ट विज्ञान एवं गणित लर्निंग कार्नर विकसित कर विद्यार्थियों को प्रभावी शिक्षा देने के लिए विकासखंड स्तरीय उत्कृष्ट विज्ञान-गणित लर्निंग कार्नर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर एसआर यादव, जे. साहू, शशि किरण साहू, शिवकुमार टंडन, लकेश्वर साहू, हेमंत जोशी, खेमन ठाकुर, रितेश चंद्राकर, गीतमाला मरकाम, पालेश्वर साहू, राजू धीवर, राजेंद्र ऐनेश्वरी, उदय लाल डहरिया, ओमप्रकाश साहू सहित अन्य शिक्षकों ने दोनों शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।









12 पुल और 6 सड़कों पर खर्च किए जाएंगे 243 करोड़, फुंडहर चौक पर बनेगा ओव्हरपास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ रायपुरा में चौड़ी होगी सर्विस रोड, अन्य जिलों में भी निर्माण कार्य

लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में सड़कों और पुलों के 18 महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों के लिए 243 करोड़ 81 लाख 11 हजार रुपए की निविदाओं को मंजूरी प्रदान की है। इनमें 12 पुल और 6 सड़क निर्माण एवं उन्नयन के कार्य शामिल हैं। निविदाओं की स्वीकृति के बाद अब चयनित निर्माण एजेंसियों को शीघ्र कार्यादेश जारी कर इन परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। गौरतलब है पिछले महीने ही सड़कों और पुलों के 24 कार्यों के लिए 672 करोड़ रुपए से अधिक की निविदाओं को मंजूरी दी गई थी। इसके बाद अब करीब 244 करोड़ रुपए के 18 नए कार्यों की निविदाओं को स्वीकृति दी गई है।

लोक निर्माण विभाग की निविदा समिति की 12 अक्टूबर को आयोजित बैठक में इन 18 कार्यों की निविदाओं को मंजूरी प्रदान की गई। इसके बाद विभाग ने सभी संबंधित कार्यपालन अभियंताओं को अनुबंधित कार्यों का संपादन और पर्यवेक्षण विभागीय मापदंडों के अनुरूप सुनिश्चित करने तथा निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्वीकृत कार्यों के लिए पॉवर ऑफ अटॉर्नी मान्य नहीं होगी। तय समय में सभी कार्य पूर्ण करने होंगे।

सुगम होगा रायपुर का यातायात

राजधानी रायपुर में यातायात को अधिक सुगम बनाने के लिए भी दो महत्वपूर्ण कार्यों को मंजूरी दी गई है। वीआईपी रोड के फुण्डहर चौक पर ओव्हरपास निर्माण के लिए 29 करोड़ 80 लाख 12 हजार रुपए की निविदा स्वीकृत की गई है। वहीं रिंग रोड नंबर-1 (एनएच-30) पर रायपुरा चौक फ्लाईओवर के दोनों ओर 3.66 किलोमीटर लंबी सर्विस रोड के चौड़ीकरण के लिए 14 करोड़ 96 लाख 96 हजार रुपए की निविदा मंजूर की गई है। इन कार्यों से राजधानी के महत्वपूर्ण मार्गों पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

पीडब्ल्यूडी ने चयनित निर्माण एजेंसियों के लिए जारी किया वर्कऑर्डर

प्रमुख निर्माण कार्य

- स्वीकृत सड़क कार्यों में जांजगीर-चांपा जिले के देवरी-तनौद-भुईगांव-शुक्लाभाठा-ससहा मार्ग के 17.40 किलोमीटर हिस्से का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण शामिल है। इसके लिए 31 करोड़ 7 लाख 83 हजार रुपए की निविदा स्वीकृत की गई है।
- सूरजपुर जिले में रिंग रोड के 16.85 किलोमीटर हिस्से के सुदृढ़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 16 करोड़ 8 लाख 59 हजार रुपए की निविदा को मंजूरी मिली है।
- रायपुर जिले में समोदा-बनरसी-तुलसी मार्ग के 8.20 किलोमीटर हिस्से में पुल-पुलियों सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 14 करोड़ 40 लाख 32 हजार रुपए की निविदा स्वीकृत की गई है।
- बेमेतरा जिले में 9.20 किलोमीटर लंबे बहिंगा-तिवरैया-सिमगा पहुंच मार्ग के पुल-पुलियों सहित निर्माण के लिए 10 करोड़ 77 लाख 97 हजार रुपए तथा मुख्य जिला मार्ग मदराली-कटई-बेलटुकरी में पुल-पुलियों सहित 10.80 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 11 करोड़ 38 हजार रुपए की निविदा मंजूर की गई है।
- बस्तर अंचल में संपर्क सुविधाओं के विस्तार के लिए भी कई महत्वपूर्ण पुलों की निविदाओं को स्वीकृति मिली है। बीजापुर जिले में कुटरू से गुटमांगी मार्ग पर इन्द्रावती नदी में उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए 36 करोड़ 5 लाख 75 हजार रुपए की निविदा मंजूर की गई है।
- बस्तर जिले में चंदेला-धर्माबेड़ा से अमलीधारा मार्ग पर भंवरडीह नदी में उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के लिए 12 करोड़ 74 लाख 95 हजार रुपए तथा बारसूर-लोहंडीगुड़ा-जगदलपुर मार्ग पर मांदेर नाला में उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के लिए 10 करोड़ 98 लाख 39 हजार रुपए की निविदा स्वीकृत की गई है।

एनजीटी के प्रतिबंध के दौरान जिला खनिज विभाग ने खनन, परिवहन एवं भंडारण के 167 प्रकरणों में की कार्रवाई

प्रतिबंध की धज्जियां उड़ाते रहे माफिया, 10 जून से 15 अक्टूबर तक 167 केस दर्ज, पौन करोड़ समझौता राशि वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बारिश के सीजनभर रेत खदानों में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा खनिज सामग्री पर लगाए गए उत्खनन पर प्रतिबंध का असर रायपुर जिले में कम रहा। रेत, मुरुम, चूना-फर्शी पत्थर सहित अन्य खनिज सामग्री के माफिया इस अवधि के दौरान भी खदानों में उत्खनन कराने से लेकर परिवहन एवं भंडारण कराकर एनजीटी की गाइड लाइन और आदेश का मखौल उड़ाते रहे।

हालांकि इस प्रतिबंध अवधि के दौरान खनिज विभाग की टीम ने भी मुस्तैदी के साथ अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर निगरानी रखने के साथ 167 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए पौने एक करोड़ से अधिक समझौता राशि के रूप में अर्थदंड वसूला है। इनमें सबसे अधिक प्रकरण रेत से जुड़े हुए हैं। यह आंकड़ा बताता है कि जिले में खनिज माफिया के हौसले किस तरह बढ़े हुए हैं, जिन्हें कार्रवाई का भी खौफ नहीं रहा है।

जून तक 336 प्रकरणों में 1.48 करोड़ का जुर्माना वसूला

विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार जिले में एक अप्रैल से लेकर जून तक खनिज विभाग ने खनिज सामग्री से संबंधित 336 प्रकरण दर्ज किए गए थे। इनमें अवैध परिवहन के सबसे ज्यादा 298 प्रकरण बनाए गए हैं, जिनमें सर्वाधिक 196 रेत के हैं। रेत के प्रकरणों में 5 लाख 38 हजार से अधिक राशि वसूली गई, वहीं मुरुम के 35 प्रकरणों में लगभग 10 लाख एवं चूनापत्थर के 50 प्रकरणों में लगभग 18 लाख रुपए की राशि वसूली गई। परिवहन में कोयला के 11 प्रकरणों में लगभग 13 लाख तथा मिट्टी, फर्शी पत्थर एवं बोल्डर के 6 प्रकरण में लगभग डेढ़ लाख रुपए की राशि वसूल की गई।



अवैध उत्खनन के 26, भंडारण के 12 प्रकरण दर्ज

अप्रैल से जून अवधि के दौरान अवैध उत्खनन करने के 26 एवं अवैध भंडारण के 12 प्रकरण भी दर्ज किए गए हैं। अवैध उत्खनन में 5 जगह रेत, 10 जगह मुरुम, 3 चूना पत्थर एवं 8 जगह मिट्टी के प्रकरणों पर कार्रवाई कर लगभग 35 लाख रुपए जुर्माना वसूला। इसी प्रकार अवैध भंडारण में रेत के 4 एवं चूना पत्थर के 8 प्रकरणों में कार्रवाई कर लगभग सवा 16 लाख रुपए जुर्माना वसूला।

5 अक्टूबर तक प्रकरण बढ़कर 503 पहुंचे

एनजीटी का प्रतिबंध 10 जून से लागू था। जून को छोड़ें, तो 1 जुलाई से लेकर 15 अक्टूबर के दौरान 167 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इस तरह जून के बाद बढ़कर यह 503 पहुंच गए। हालांकि जुलाई से लेकर 15 अक्टूबर के दौरान अवैध परिवहन के 157 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें भी रेत के सर्वाधिक 106 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा चूना पत्थर के 28, मुरुम के 9, कोयला 3, मिट्टी 10 एवं 1 बोल्डर का प्रकरण दर्ज किया है। इस तरह अवैध परिवहन के कुल प्रकरणों में लगभग 67 लाख रुपए जुर्माना वसूला है। अवैध उत्खनन के दो मुरुम एवं 2 मिट्टी के कुल 4 प्रकरणों में ढाई लाख रुपए जुर्माना वसूला है। इसी प्रकार अवैध भंडारण में रेत के 4 एवं चूना पत्थर के 2 कुल 6 प्रकरणों में लगभग साढ़े 8 लाख रुपए जुर्माना वसूल किया है।

सख्ती से कार्रवाई की जा रही

खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। प्रतिबंध अवधि के दौरान भी 165 से अधिक प्रकरणों में कार्रवाई कर 76 लाख रुपए से अधिक जुर्माना समझौता राशि के रूप में वसूल किया है।

- राजेश मालवे, उपसंचालक, खनिज विभाग रायपुर

गैस एजेंसी सुपरवाइजर से लूट निकली फर्जी




साथी के साथ मिलकर आरोपी ने रची लूट की फर्जी कहानी

रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र में गैस एजेंसी संचालक के सुपरवाइजर के साथ 1.27 लाख रुपए लूट की घटना फर्जी निकली। पुलिस सुपरवाइजर तथा उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार कर रकम बरामदगी करने में जुटी हुई है। पीड़ित द्वारा बार-बार बयान बदलने पर पुलिस को उस पर शंका हुई। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया।

पुलिस के अनुसार पन्नालाल ने कहा, अपने साथी कमलेश ध्रुव के साथ मिलकर लूट की कहानी रची थी। उसने पुलिस को बताया कि वो कर्ज में डूबा हुआ है। कर्ज की रकम चुकाने पैसा नहीं होने की वजह से उसने अपने साथी के साथ मिलकर झूठी लूट की कहानी रची। इसके लिए वह शंकर नगर से रकम ले जाने के बाद अपने साथी को बाइक में बैठाकर ले गया। इसके बाद उसने कचना स्थित एक मैदान के पास बाइक रोक कर नोटों से भरा बैग अपने साथी को दे दिया। रकम देने के बाद आरोपी ने डायल-112 को अपने साथ लूट होने की जानकारी दी। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल करने पर कोई संदिग्ध नहीं दिखा। इसके साथ बाइक में पन्नालाल के साथ एक अन्य दिखा। इस पर पुलिस ने उससे सख्ती के साथ पूछताछ की, तब पूरे प्रकरण का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 27 हजार रुपए जब्त किए हैं। शेष रकम की पुलिस रिकवरी कर रही है।

खबर संक्षेप



एम्स रायपुर में कुष्ठ रोग एवं माइसेटोमा पर सीएमई का आयोजन

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर के त्वचा रोग विभाग ने "कुष्ठ रोग एवं माइसेटोमाः निदान एवं प्रबंधन के बहुविषयक दृष्टिकोण" विषय पर सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) का आयोजन किया गया। आईएडीवीएल अकादमी ने आईएडीवीएल छत्तीसगढ़ राज्य शाखा तथा एम्स के सहयोग से इस शैक्षणिक आयोजन का संचालन किया। इसका प्रमुख उद्देश्य कुष्ठ रोग एवं माइसेटोमा सहित उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोगों के निदान और उपचार संबंधी जानकारी को सुदृढ़ करना था। सीएमई का उद्घाटन एम्स रायपुर के कार्यपालक निदेशक अशोक जिंदल ने किया। विशेषज्ञों ने कुष्ठ रोग में तंत्रिका संवहन परीक्षण, कुष्ठ रोग से उत्पन्न दिव्यांगता के लिए उपयुक्त स्प्लिंट का चयन, नमूना संग्रह की विधियां, माइसेटोमा के निदान में हिस्टोपैथोलॉजी की भूमिका, छत्तीसगढ़ में कुष्ठ रोग उपचार का इतिहास, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम तथा कुष्ठ रोग नियंत्रण में निजी चिकित्सकों की भूमिका जैसे विषयों पर व्याख्यान दिए।

नर्सिंग काउंसिलिंग शीघ्र शुरू कराने डीएचएस को पत्र

रायपुर। अक्टूबर का पहला पखवाड़ा बीतने के बाद भी काउंसिलिंग की शुरुआत नहीं होने से निजी नर्सिंग कालेज एवं पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों में चिंता बढ़ने लगी है। प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष महेन्द्र चौबे ने संचालक स्वास्थ्य सेवाएं को पत्र भेजकर इस संबंध में शेड्यूल जारी करने का निवेदन दिया है। अध्यक्ष ने बताया कि इंडियन नर्सिंग काउंसिल की अधिसूचना के मुताबिक प्रवेश अंतिम तिथि 31 अक्टूबर अधिसूचित है। आज तारीख तक विभिन्न नर्सिंग पाठ्यक्रम संचालित करने वाले महाविद्यालयों को सत्र 26-27 की अनुमति छत्तीसगढ़ राज्य नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल द्वारा जारी नहीं की गई है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यह कहना कठिन होगा की इस तारीख के अंदर भी नर्सिंग पाठ्यक्रमों की काउंसलिंग पूरी हो पायेगी। विलंबित काउंसलिंग से इस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थी को घोर निराशा का सामना करना पड़ रहा है।

निधन

पुष्पा देवी सुंदरानी



रायपुर। श्रीजी कल्पतरू अमलीडीह निवासी पुष्पा देवी सुंदरानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे अमर, प्रमोद, विजय कुमार सुंदरानी की माता थीं।

शांति देवी चावला



रायपुर। गंगा विहार अमलीडीह निवासी शांति देवी चावला का 16 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 अक्टूबर को सुबह 11 बजे निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. राजलदास चावला की पत्नी एवं मनोज, महेश चावला की चाची थीं।

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //

रा.प्र. क्रमांक / /अ-6/2025-2026
रायपुर, दिनांक 13/10/2026
ग्राम- भाठागांव प.ह.नं.- 60,
तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 01. श्री भूपेन्द्र कुमार सिन्हा 02. श्री केशव प्रसाद सिन्हा दोनो पिता स्व. श्री जीवन लाल सिन्हा दोनो निवासी- ग्राम व पोस्ट. झीट तह. पाटन व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम भाठागांव, प.ह.नं. 60, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमिस्वामी हक की स्वत्व एवं स्वामित्व की परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 679/21, रकबा 0.0093 हे, भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदकगण के पिता श्री जीवन लाल सिन्हा पिता स्व. ईतवारी राम सिन्हा के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि में आवेदकगण के पिता श्री जीवन लाल सिन्हा पिता स्व. ईतवारी राम सिन्हा की मृत्यु दिनांक 12/10/2022 को हो चुकी है। जिन्होंने अपने जीवनकाल में पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 06/10/2015 को आवेदकगण के पक्ष में निष्पादित किया है। अतः उक्त भूमि का आवेदकगण के पिता श्री जीवन लाल सिन्हा पिता स्व. ईतवारी राम सिन्हा के मृत्यु उपरांत उनका नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदकगण अपना नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 22/10/2026 को होगी। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 22/10/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

कृषि महाविद्यालय में हुआ महिला कृषक सेवा महाकुंभ एवं कृषक संगोष्ठी

महिला कृषकों को दी टोकन सिस्टम प्राकृतिक खेती से संबंधित जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष घोषित किए जाने के अवसर पर स्वामी विवेकानंद परिसर स्थित कृषि महाविद्यालय जोरा में महिला कृषक सेवा महाकुंभ एवं कृषक संगोष्ठी हुआ, जिसमें शामिल हुई लगभग तीन सौ महिला कृषक समेत इससे जुड़े क्षेत्रों की महिलाओं को कृषि अधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिको ने टोकन सिस्टम से लेकर प्राकृतिक खेती सहित अन्य फसलों के उत्पादन संबंधित जानकारी दी।

उप संचालक कृषि सतीश अवस्थी ने महिला कृषकों को खाद बिक्री के लिए लागू टोकन सिस्टम (एफएफएस) की कार्यप्रणाली और



इसके लाभ की जानकारी दी। तकनीकी सत्र में प्रधान वैज्ञानिक संजय द्विवेदी ने फसल विविधीकरण एवं दलहन की खेती, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. गौतम राय ने गोपालन और उत्पादों के विक्रय, तथा वैज्ञानिक (सस्य विज्ञान) डॉ. नीतीश तिवारी ने प्राकृतिक खेती एवं खरपतवार नियंत्रण के बारे में बताया। इस अवसर पर महिला कृषक नम्रता यदु ने मशरूम उत्पादन और कृषि की उन्नत तकनीकों की जानकारी साझा की। गीता साहू, प्रेमबाई साहू और लता साहू ने भी प्राकृतिक खेती से जुड़े अपने अनुभव बताए और अन्य महिला कृषकों को कृषि में उद्यमिता अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में महिला कृषकों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री संदीप यदु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशेष अतिथि के रूप में कृषि स्थायी समिति के सभापति गुरु सौरभ साहेब, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष अनिमेश कश्यप, रिसर्च संचालक विवेक कुमार त्रिपाठी, एस.एस. टुटेजा, संयुक्त संचालक कृषि दुर्ग गोपिका गबेल और कृषि महाविद्यालय रायपुर की अधिष्ठाता आरती गुहा उपस्थित रहीं।

सेंट्रल जेल में 1300 व्रतधारी बंदियों को फल वितरित



रायपुर। कालीमाता सेवा समिति रायपुर द्वारा सनातन धर्म की आस्था एवं सेवाभावना से प्रेरित होकर नवरात्रि के पावन पर्व पर रायपुर सेंट्रल जेल में बंद लगभग 1300 बंदियों को फल वितरित किए गए। यह सेवा कार्य उन बंदियों के प्रति मानवीय संवेदना और सामाजिक समरसता का संदेश देने के उद्देश्य से किया गया। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष दीपक भारद्वाज पोल्ले ने विज्ञप्ति के माध्यम से देते हुए बताया कि कालीमाता सेवा समिति का स्पष्ट संदेश है, "अपराध से घृणा होनी चाहिए अपराधियों से नहीं।" कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अशोक त्रिपाठी, गुड्डू, सुनील जग्गी, शैलेष तिवारी, राजू भाई तारवानी, रामकृष्ण धीवर आदि उपस्थित थे।

ब्रजमोहन को ओडिशा का राज्यपाल बनाने पर हर्ष

रायपुर। झारखंड के पलामू से तीन बार सांसद एवं विधायक रहे धोबी समाज के राष्ट्रीय नेता ब्रजमोहन राम को ओडिशा का राज्यपाल बनाए जाने पर छत्तीसगढ़ सहित देशभर के धोबी समाज में हर्ष और उत्साह का माहौल है। समाज के लोगों ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए नवनियुक्त राज्यपाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। नातिन धोबिन दाई परिसर बोरियाखुर्द में आयोजित समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार धोबी समाज के किसी राजनेता को राज्यपाल के महत्वपूर्ण संवैधानिक पद पर नियुक्त किया जाना समाज के लिए गर्व और गौरव का विषय है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास निर्मलकर, कोषाध्यक्ष गणेश निर्मलकर, युवा प्रदेश अध्यक्ष अंबे बाघमार, सामाजिक चिंतक संतराम कन्नौजे आदि ने अपने विचार रखे। समाज के प्रवक्ता एवं मुख्य सचेतक हीरालाल निर्मलकर ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी।



पेज 09 के शेष

मॉडल्स और झांकियों....

गोपियापारा मार्ग पर टेबल सजाकर किया, तब सिर्फ 5 झांकियों से शुरुआत की गई थी।

झांकियों की एक झलक पाने उमड़ी भीड़ः विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों में शानदार मूवमेंट भी देखने को मिला। जैसे पंख हिलाता हुआ पुष्पक विमान, मुंह से धुआं छोड़ता राक्षस या पानी की पिचकारी छोड़ते हुए मॉडलों के बीच चलते-फिरते दृश्यों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों ने समसामयिक विषयों जैसे चंद्रयान-3 और विक्रम लैंडर से लेकर पारंपरिक धार्मिक प्रसंगों जैसे जटायु, बजरंगबली, शिव परिवार और सामाजिक मुद्दों पर मॉडल तैयार किए, इन्हें लोगों द्वारा भी पसंद किया गया। आकार में बेहद छोटी होने के बाद भी मिनी मॉडल झांकियों में लाइटिंग, डीजे सेटअप और बारीकियां इतनी सटीक थी, जिन्हें देखने के लिए लक्ष्मी नगर, चंगोराभाठा, कालीबाड़ी, लाखेनगर, कुशालपुर, सदर बाजार के लोगों का हुजूम मिनी झांकियों की एक झलक पाने के लिए उमड़ा।

श्री जगन्नाथ प्रभु, सुभद्रा, बलदाऊ आकर्षणः उन्होंने बताया कि पिछले सीजन में बच्चों और विद्यार्थियों ने मिलकर 200 से अधिक मॉडल मिनी झांकियों की कतार सजाई थी। इस बार एक से तीन फीट ऊंची करीब 300 झांकियों को आकर्षण का केन्द्र बनाया। इसमें प्रत्येक ग्रुप को प्रोत्साहन राशि देते हैं, ताकि वे मॉडल झांकियों को तैयार करने में खर्च होने वाली राशि का कुछ हिस्सा उत्साहवर्धन स्वरूप प्राप्त कर सकें। अंधेरा बढ़ने के साथ ही करीब आधा किलो मीटर वन-वे सड़क पर एक कतार में जुगाड़ और तकनीकी कौशल से तैयार की गई झांकियों को चलाने के लिए भारी-भरकम जनरेटर की बजाय बच्चे खुद बैटरी और छोटे मोटर के जुगाड़ से रोशन करते हुए आगे बढ़े। सजाई गई श्रृंखला में मां काली के रौद्र रूप, रक्तबीज संहार, कांतारा थीम, रामलीला मैदान, श्री जगन्नाथ प्रभु, सुभद्रा और बलदाऊ आकर्षण के केन्द्र रहे।

मिनी साइज की भव्यताः आकार में बेहद छोटी होने के बावजूद, इनमें की गई लाइटिंग, डीजे सेटअप और बारीकियां इतनी सटीक होती हैं कि इन्हें देखने के लिए दूर-दूर से लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता है।

सड़कों के पेचवर्क ....

कई सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे तक हो गए हैं। इन गड्ढों को पहले भरा जाएगा। इसके बाद डामरीकरण का काम होगा। इस तरह मरम्मत का काम लगभग माहभर तक चलेगा।

दीपावली से पहले पेचवर्क का काम पूरा होने की संभावनाः पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के अनुसार खराब सड़कों की मरम्मत का काम दीपावली से पहले पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए शेष सड़कों की टेंडर प्रक्रिया भी जल्द ही पूरी कर ली जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि टेंडर प्रकिया के बाद मरम्मत का कार्य तेज गति से होता है, इसलिए दीपावली के पहले तक शत-प्रतिशत खराब सड़कों की मरम्मत का काम पूरा करने की संभावना है।

उठाईगिरी की रकम .....

निवासी कमलेश कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। कारोबारी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनका पंडरी में रेडीमेड कपड़ों का कारोबार है। घटना दिनांक को वो संत कंवर राम चौक के पास एक पान ठेला के पास खाने रुका। लौटने पर उसने देखा कि एक्टिवा के पायदन में रखा रुपयों से भरा बैग गायब है। इस पर उसने थाने में उठाईगिरी होने की रिपोर्ट कराई।

गाड़ी का लोकेशन ट्रैक करने पर पकड़े गएः गाड़ी में नंबर प्लेट नहीं थी। इसका ध्यान रखते हुए पुलिस ने संबंधित पल्सर गाड़ी का लोकेशन ट्रेस करने गाड़ी जिन रास्तों से होकर गुजरी थी, उन रास्तों में लगे हजारों सीसीटीवी कैमरे की मदद ली और आरोपियों तक पहुंची। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पिछले एक सप्ताह से प्रार्थी का पीछा कर उसकी रेकी कर रहे थे तथा उसकी दैनिक गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। वे प्रार्थी के घर से दुकान आने-जाने एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी जुटा रहे थे। संत कंवर राम चौक के पास मौका पाकर घटना को अंजाम दिया।

लूट के झूठे आरोप में एक जेल जा चुका है : घटना में शामिल मनीष वर्ष 2012 में आजाद चौक थाना क्षेत्र में लूट के झूठे आरोप में जेल जा चुका है। इसके अलावा दोनों आरोपी जुआ, सट्टा खेलने के आदी हैं। आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि उन्हें पैसों की जरूरत थी, इसलिए कारोबारी के बारे में जानकारी जुटाकर उनके साथ उठाईगिरी की घटना को अंजाम दिया। मनीष मूलतः बिहार का रहने वाला है, दोनों पेशे से ड्राइवर तथा दूसरों की गाड़ी चलाने का काम करते थे।

सरकारी में दो ....

पूरा होने के बाद निजी मेडिकल कालेजों में एनआरआई कोटे की करीब 77 सीट खाली रह गई है, जिसे प्रबंधन कोटे में तब्दील कर दिया गया है।

तीन दौर की काउंसिलिंग के बाद शासकीय मेडिकल कालेजों में स्टेट कोटे की सीट मात्र दो को छोड़कर पूरी भर गई है। शासकीय मेडिकल कालेज में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नियतांश की एक सीट बाकी है, जिस पर 18 अक्टूबर तक एडमिशन नहीं होने पर उसे सामान्य कोटे के तहत आवंटित कर दिया जाएगा। मनेन्द्रगढ़ शासकीय मेडिकल कालेज में भी एक सीट रिक्त है, वहीं शासकीय मेडिकल कालेजों में तीन राउंड के बाद भी नहीं भरी। अप्रवासी भारतीय नियतांश की करीब 77 सीटों को प्रबंधन को वापस कर दिया गया है, जिसे मिलाकर उन कालेजों में 85 सीटें बाकी रह गई हैं। शासकीय और निजी मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस की कुल 87 सीटों पर प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग स्ट्रे राउंड की काउंसिलिंग कराएगा। इसके लिए 17 और 18 अक्टूबर को पात्र अभ्यर्थियों से नया ऑनलाइन आवेदन और पुराने को संस्था चयन का मौका दिया गया है।

बीडीएस की 93 सीट शेषः शुरु से ही स्लो पोजीशन पर चल रही बीडीएस की सरकारी से लेकर निजी डेंटल कालेजों की 93 सीट स्ट्रे वैकेंसी राउंड में शामिल की जाएगी। इसमें एकमात्र शासकीय डेंटल कालेज की 18 सीट शामिल है। काउंसिलिंग कमेटी के सूत्रों के मुताबिक स्ट्रे राउंड के बाद सीटो की उपलब्धता, पर्याप्त समय अथवा एमसीसी के प्रवेश परिवर्तन की अंतिम तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

मॉपअप राउंड में ऐसा प्रवेशः
तीसरे राउंड (मॉपअप) के दौरान
एमबीबीएसः- शासकीय 21 में 19 और निजी कालेजों की 112 में से 101 सीटों पर एडमिशन पूरा
बीडीएसः- शासकीय की 34 में 16 और प्रायवेट की 172 में 118 सीटों में प्रवेश पूरा हुआ

दशहरे के बाद ....

किसी ना किसी इलाके में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। इसकी वजह से वातावरण में आर्द्रता की मात्रा खत्म नहीं हो पा रही है। दो-तीन दिन इसमें बड़ा बदलाव नहीं होगा, मगर उसके बाद यानी दशहरा के बाद 21 अक्टूबर से हल्की ठंड शुरू होने का अनुमान है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक आने वाले दिनों में वातावरण में शुष्कता बढ़ेगी, जिससे रात के न्यूनतम तापमान में कमी आएगी।

बिजनेस साइट

वीनस मशीनरी में कृषि और निर्माण कार्यों के लिए आधुनिक मशीनों की रेंज उपलब्ध

रायपुर। कृषि, निर्माण और औद्योगिक क्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रायपुर की वीनस मशीनरी आधुनिक मशीनरी और उपकरण उपलब्ध करा रही है। देवपुरी में महिंद्रा शोरूम के बाजू में मेनरोड स्थित प्रतिष्ठान में किसानों, कारोबारियों और निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए विभिन्न मशीनों की रेंज उपलब्ध है। वीनस मशीनरी के डायरेक्टर चित्रकांत बघेल के अनुसार, प्रतिष्ठान का उद्देश्य लोगों को उनकी जरूरत के मुताबिक उपयोगी मशीनें उपलब्ध कराना है। यहां पावर वीडर, पैलेट मशीन, चाफ कटर, आटा चक्की, बैटरी स्प्रेयर और अन्य कृषि उपकरण मिलते हैं। वहीं, निर्माण कार्यों के लिए कंक्रीट मिक्सर, ट्रॉली, वाटर टैंकर सहित विभिन्न मशीनें भी उपलब्ध हैं। इन उपकरणों का उपयोग खेती, निराई-गुड़ाई, पशु चारा तैयार करने, खाद्य प्रसंस्करण, सिंचाई और बागवानी जैसे कार्यों में किया जा सकता है। मशीनों के उपयोग से श्रम और समय की बचत में मदद मिलती है। वीनस मशीनरी का उद्देश्य कृषि एवं निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप उपकरण उपलब्ध कराना है।



कलिंगा विश्वविद्यालय के डॉ. बेंडी विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों में शामिल



रायपुर। कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर के डॉ. बेंडी आंजनेयुलु को स्टैनफोर्ड-एल्सेवियर की विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की वैश्विक सूची में शामिल किया गया है। वे विश्वविद्यालय में उप-डीएए एवं विज्ञान संकाय के प्रभारी प्रमुख हैं। डॉ. बेंडी का शोधकार्य कार्बनिक एवं औषधीय रसायन, नैनोमटेरियल्स, ग्रीन केमिस्ट्री और पर्यावरण सुधार जैसे क्षेत्रों में फैला है। उनके 100 से अधिक शोध प्रकाशन स्कोपस और वेब ऑफ साइंस में अनुक्रमित हैं। उनके नाम चार स्वीकृत और चार प्रकाशित पेटेंट भी हैं। उनके शोधपत्र एल्सेवियर, वाइली, स्प्रिंगर नेचर और रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री जैसे प्रतिष्ठित प्रकाशकों की पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एल्सेवियर द्वारा तैयार यह सूची शोधकर्ताओं के वैज्ञानिक योगदान एवं उद्धरण संबंधी संकेतकों के आधार पर बनाई जाती है।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी. सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें- 9009553889, 9090204620
पता - एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर
उपलब्ध सुविधाएँ-
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
- नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार
- TPA की सुविधा

स्पाइन
रीड की हड्डी एवं नसों का इलाज, न्यूरो-पंचकर्म विधि द्वारा किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 9.30 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा एप के मास्टर माइंड बाबू खेमानी की 1.42 करोड़ की संपत्ति होगी कुर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ऑनलाइन एप के माध्यम से क्रिकेट सट्टा का संचालन करने वाले मुख्य आरोपी बाबू उर्फ गुलशन खेमानी की लगभग 1 करोड़ 42 लाख रुपए की संपत्ति कुर्क होगी। कोर्ट ने इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी किया है। बाबू खेमानी की छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में प्रॉपर्टी के अलावा बैंक ऑफ इंडिया के एफडी खाते में लाखों रुपए जमा हैं। जमा राशि को भी कुर्क की जाएगी। इस संपत्ति को आरोपी ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा के माध्यम से अर्जित किया है, जिसे कोर्ट के आदेश के बाद अब कुर्क किया जाएगा।

पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार सेंट्रल जोन में थाना गंज पुलिस और एसीसीयू टीम ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने वाले मुख्य आरोपी बाबू उर्फ गुलशन खेमानी एवं उसके सहयोगियों की अपराध से अर्जित संपत्तियों की पहचान कर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 107 के अंतर्गत न्यायालय में कुर्की की कार्रवाई करने पेश किया। इस प्रकरण में पुलिस ने अवैध कमाई से अर्जित की गई बाबू खेमानी की संपत्ति एवं पूंजी के साक्ष्य भी प्रस्तुत किए हैं। इन साक्ष्यों के आधार पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायपुर ने लगभग 1 करोड़ 42 लाख रुपए मूल्य की संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश पारित किया है।

ये संपत्ति होगी कुर्क

जांच में आरोपी खेमानी की छत्तीसगढ़ के महासमुंद के ग्राम अरंड स्थित कृषि भूमि मूल्य जिसकी अनुमानित लागत 1.78 लाख रुपए, देवपुरी रायपुर स्थित भूखंड मूल्य 23 लाख रुपए, जोरा पारा स्थित भूखंड मूल्य 2.50 लाख रुपए के अलावा महाराष्ट्र के ठाणे जिले के अंबरनाथ स्थित व्यावसायिक दुकान मूल्य 74 लाख रुपए कुर्क की जाएगी। इसके अलावा बैंक ऑफ इंडिया के एफडी खाते में 40.50 लाख रुपए हैं। यह राशि भी कुर्क की जाएगी।



कोर्ट ने जारी किया आदेश

संपत्ति-राशि हस्तांतरण पर रोक लगाने पत्र जारी

कोर्ट आदेश के तहत संबंधित राजस्व अधिकारियों, पंजीयन कार्यालयों एवं बैंक प्रबंधन को संपत्तियों के हस्तांतरण तथा बैंक धनराशि के अंतरण पर रोक लगाने के लिए पत्र जारी किए गए है। इसके साथ ही संबंधित जिला कलेक्टरों को आगामी वैधानिक कार्यवाही के लिए पत्र लिखा है।

अन्य संपत्तियों एवं नेटवर्क की जांच जारी

इस मामले में पुलिस अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही को केवल उनकी गिरफ्तारी तक सीमित न रखते हुए अपराध से अर्जित धनराशि, अचल संपत्तियों एवं उनके आर्थिक नेटवर्क की भी जांच कर रही है। अपराध से अर्जित आर्थिक लाभ को समाप्त करना तथा संगठित अपराधों के आर्थिक आधार को कमजोर करने के उद्देश्य से पुलिस वित्तीय विवेचना के आधार पर संपत्ति कुर्की की कार्रवाई के लिए कोर्ट में प्रकरण प्रस्तुत कर रही है। उल्लेखनीय है कि रायपुर के गंज थाना में धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम एवं धारा 112(2) बीएनएस के प्रकरण में 13 अप्रैल 2026 को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा गंज पुलिस की संयुक्त टीम ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा एप 3 स्टम्पस संचालित करने वाले संगठित गिरोह का खुलासा किया था। मुख्य आरोपी बाबू उर्फ गुलशन खेमानी अपने सहयोगियों के माध्यम से कॉल सेंटर, विभिन्न मोबाइल नंबरों एवं बैंक खातों का उपयोग कर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे का संचालन करता था। सट्टे से प्राप्त अवैध धनराशि को अन्य व्यक्तियों के बैंक खातों में प्राप्त कराकर पुनः अपने खातों में स्थानांतरित कराया जाता था, जिसके एवज में वह सहयोगियों को कमीशन देता था। इस प्रकरण में मुख्य आरोपी सहित कुल 29 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, वहीं पूर्व में लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपए मूल्य की सामग्री एवं वाहन जब्त किया है।

स्काडा सेंटर से अब रिमोट ऑपरेशन, फाल्ट वाले हिस्से की ही बंद होगी बिजली



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने रायपुर और दुर्ग-भिलाई-चरोदा के स्काडा सेंटर की रिमोट ऑपरेशन सुविधा को अपग्रेड किया है। इससे बिजली लाइन या फीडर में फाल्ट आने पर पूरे इलाके की बिजली बंद करने के बजाये प्रभावित हिस्से को रिमोट के जरिए अलग किया जा सकेगा। इससे फाल्ट सुधारने के दौरान अन्य फीडरों से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति चालू रखने में मदद मिलेगी। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने रायपुर स्थित स्काडा, डीएमएस सेंटर में उपस्थित होकर रिमोट ऑपरेशन का परीक्षण किया। इस दौरान 33/11 केवी दलदलसिवनी सबस्टेशन के 11 केवी दयानगर फीडर तथा 33/11 केवी खमतराई सबस्टेशन के 11 केवी गणेश मंदिर और शिव मंदिर फीडरों को रिमोट माध्यम से बंद और चालू करके जांचा गया, जिसका परीक्षण सफल रहा। इसके बाद प्रबंध निदेशक ने रायपुर और दुर्ग-भिलाई-चरोदा के स्काडा नियंत्रण केंद्रों से आवश्यकतानुसार रिमोट ऑपरेशन फिर से करने के निर्देश दिए।



बस किराए में बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में आज भाटागांव बसस्टैंड पहुंचकर शहर कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आम जनता और बस यात्रियों से बढ़ती महंगाई तथा बस किराए में वृद्धि को लेकर चर्चा की और प्रदर्शन किया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के कारण आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। गेहूं, चावल, दाल, खाद्य तेल, शक्कर और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। पेट्रोल डीजल की कीमतों का असर केवल वाहन चलाने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि माल ढुलाई से लेकर खाद्य सामग्री और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों तक पड़ता है। पूर्व महापौर प्रमोद दूबे, कुलदीप जुनेजा एवं आकाश शर्मा ने कहा, बस किराए में बढ़ोतरी आम जनता की जेब पर सीधा हमला है। रोजाना बस से यात्रा करने वाले लोगों के मासिक खर्च में वृद्धि होगी। इसका सबसे ज्यादा असर उन परिवारों पर पड़ेगा, जिनकी आय सीमित है और जिन्हें काम, पढ़ाई या अन्य जरूरी कार्यों के लिए नियमित रूप से यात्रा करनी पड़ती है।

'अराजकता' के विरोध में उतरी एबीवीपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राष्ट्रहित व शांति प्राथमिकता

अभाविप के प्रदेश सह मंत्री प्रथम राव फुटाने ने कहा, लोकतंत्र में आंदोलन करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है, लेकिन इस अधिकार का उपयोग जनहित, राष्ट्रहित, सामाजिक सुधार एवं सरकार की गलत नीतियों के विरोध के लिए होना चाहिए। रायपुर महानगर मंत्री सुजल गुप्ता ने कहा, आंदोलन का उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था का अपमान करना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना होना चाहिए। हमारा मार्ग सत्य, संविधान, शांति एवं राष्ट्रहित का मार्ग होना चाहिए। आंदोलन में महानगर छात्रा प्रमुख हर्षित कौर सहित प्रवीण, संकल्प, सुनय, भूषण, खुशबू, साक्षी, काजल, शिवम, कृष्णा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शुक्रवार को प्रधानमंत्री के प्रति अपमानजनक भाषा के कथित प्रयोग, एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन, एनएसयूआई नेता द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विवि के कुलसचिव को थप्पड़ मारने की धमकी देने के विरोध में सड़क पर उतरी।

एबीवीपी ने कहा, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, भ्रामक प्रचार एवं आंदोलन के नाम पर की जा रही कथित अराजक गतिविधियों के विरोध में "अराजकता रोको–लोकतंत्र अपनाओ" अभियान उनके द्वारा चलाया जा रहा है। प्रदर्शन के माध्यम से एसआईआर एवं मतदाता सूची से जुड़े विवादों पर भ्रामक जानकारी फैलाने, पुलिस एवं सुरक्षा बलों के साथ दुर्व्यवहार तथा दिल्ली में एनएसयूआई द्वारा संविधान की प्रस्तावना जलाने की घटना के विरोध में अपनी बात रखी गई।

एनेस्थीसिया केवल बेहोशी नहीं, मरीज को सुरक्षा और दर्द नियंत्रण का अभिन्न अंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चिकित्सकों के मुताबिक एनेस्थीसिया केवल ऑपरेशन के दौरान बेहोशी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि मरीज की सुरक्षा, दर्द नियंत्रण और सुरक्षित उपचार का एक अभिन्न अंग है। शासकीय मेडिकल कालेज में शुक्रवार को विश्व एनेस्थीसिया दिवस मनाया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। आयोजन में विभाग के संकाय सदस्यों डॉ. प्रतीक्षा अग्रवाल, डॉ. मंजुलता टंडन, डॉ. ए. शशांक, डॉ. अमृता जैन एवं डॉ. शाहिदा खातून ने सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान रेलवे स्टेशन में पंचरक्षक अभियान के अंतर्गत



जीवनरक्षक कौशलों का लाइव प्रदर्शन किया गया। विशेषज्ञों ने कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) की तकनीक का प्रदर्शन किया। इसके बाद मेडिकल कालेज से नगर घड़ी चौक तक जागरूकता वॉकाथॉन आयोजित किया गया। इस दौरान अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में पंचरक्षक थीम के अंतर्गत स्नातक विद्यार्थियों की पोस्टर प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता आयोजित की गई।

महाअष्टमी के अवकाश पर दो घंटे की ओपीडी : मरीजों की सुविधा के लिए आंबेडकर अस्पताल का बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) सोमवार 19 अक्टूबर को अवकाश के दिन दो घंटे संचालित होगा। दरअसल 18 अक्टूबर रविवार, 19 अक्टूबर सोमवार को महाअष्टमी तथा 20 अक्टूबर को विजयादशमी का अवकाश रहेगा। महाअष्टमी के दिन मरीज निर्धारित समय के दौरान चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार के लिए अस्पताल पहुंच सकते हैं। चिकित्सालय की आपात चिकित्सा सेवा सामान्य तरीके से 24 घंटे जारी रहेगी।

सीजीडीएफ की बागडोर रहेगी डा. हीरा के हाथों, कोर कमेटी का होगा गठन

रायपुर। चिकित्सकों एवं छात्रहित में आवाज बुलंद करने वाले छत्तीसगढ़ डाक्टर्स फेडरेशन (सीजीडीएफ) की कमान डा. हीरा सिंह लोधी के हाथों में



रहेगी। रायशुमारी के लिए मंगाए ऑनलाइन आवेदन में 100 सदस्यों ने उन पर भरोसा जताया है। फेडरेशन के 8 सदस्यों ने अध्यक्ष पद पर बदलाव अथवा इस्तीफे के विकल्प का समर्थन किया था। यह प्रक्रिया 8 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक गूगल फॉर्म के माध्यम से संचालित की गई। इसमें कुल 121 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं, जिनमें तीन सदस्यों ने दो बार भरा था। उनकी अंतिम प्रविष्टियों को मान्य करते हुए कुल 118 प्रविष्टियों को स्वीकार किया गया। कोर कमेटी एवं विभिन्न विंग्स के लिए प्राप्त आवेदनों में 76 आवेदन कोर कमेटी एवं विंग्स से संबंधित तथा 42 आवेदन कार्यकारिणी सदस्य के पद के लिए प्राप्त हुए हैं।

हरिभूमि

रायपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



● हरिभूमि-आईएनएच न्यूज और गुंजन्स आयोजन का ढोलिड़ा बिगेस्ट गरबा ऑफ छत्तीसगढ़ का उत्सव

ढोलिड़ा में गरबा प्रेमियों का उमड़ा हुजूम चकड़ी-छकड़ी, घोड़ारास पर मचाई धूम

रायपुर। अमारा जोरा ग्राउंड पर ढोलिड़ा बिगेस्ट गरबा ऑफ छत्तीसगढ़ की धूम मची। हरिभूमि-आईएनएच न्यूज और गुंजन्स आयोजन द्वारा आयोजित इस चार दिवसीय रास गरबा इवेंट का शुक्रवार की रात 10 बजे भव्य आगाज हुआ। आयोजन के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव और हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी ने माता की आरती कर विधिवत आयोजन का भव्य शुभारंभ किया।

इस सेलिब्रिटी रास गरबा इवेंट में डांडिया खेलने रायपुरियंस में जबर्दस्त क्रेज दिखा। रास गरबा में पहुंच रहे प्रतिभागी आयोजन में रंग जमाने कपल्स से लेकर फैमिली मेंबर्स पारंपरिक परिधान चनिया-चोली, केडियु-धोती कुर्ता पायजामा, डिजिटल प्रिंट गुजराती, राजस्थानी, छत्तीसगढ़ी परिधान, आभूषणों में सज संवर कर पहुंचे। गरबा नाइट्स में आकर्षक बनने प्रतिभागियों ने राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, अम्बे-काली गेटअप में रास गरबा के लोकप्रिया भक्ति गीतों पर जमकर डांडिया खेला। इसके साथ ही कपल्स और फैमिली मेंबर्स भी चकड़ी-छकड़ी, घोड़ारास डांस स्टेप्स पर देर रात तक झूमते गरबा के रंग में सराबोर होते रहे।

भक्ति, संस्कृति और परंपरा का अनूठा रंग

रास गरबा में लोगों ने भक्ति, संस्कृति और परंपरा का अनूठा रंग बिखरा। गराब नाइट्स में रायपुरियंस का भारी हुजूम उमड़ा। गरबा नाइट्स का हिस्सा बन आनंद और उत्साह से प्रतिभागी, परिवार जन भक्ति, गीत-संगीत, संस्कृति और परंपरा के रंग में सराबोर होते रहे।

देर रात तक गरबा के भक्ति गीतों पर झूमते रहे कपल्स

गरबा स्थल पर आयोजन के पहले दिन रास गरबा में डांडिया का जादू देखने को मिला। इस अवसर पर सैंकड़ों की संख्या में लोग पारंपरिक परिधान और थीम बेस्ड गेटअप पर पहुंचे। रात 9 बजे से लेकर देर तक गरबा के भक्ति गीतों पर प्रतिभागी डांडिया और गरबा डांस को एंजॉय करते रहे।





एनआईटी में गरबा नाइट 'रंगतारी' का स्टूडेंट्स ने लिया आनंद



एनआईटी के डांस क्लब 'नृत्यम' द्वारा गरबा नाइट 'रंगतारी' का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के फैकल्टी मेंबर्स, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजन में मां दुर्गा की प्रतिमा का पूजन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। सबसे पहले मातृशक्ति समूह एवं इसके बाद नृत्यम क्लब के सदस्यों ने अपनी गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांधा। पारंपरिक घाघरा-चोली और केडिया परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने "वधावो रे", "चनिया चोली" और "गोरी राधा नु कालो कान" जैसे लोकप्रिय गीतों की धुनों पर डांडिया का आनंद उठाया।

गरबा प्रतियोगिता में छात्राओं ने डांडिया की धुन पर बिखेरे संस्कृति के रंग



डॉ. राधा बाई नवीन कन्या महाविद्यालय में गरबा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने तथा भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति रुचि जागृत करने के उद्देश्य से प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर भक्तिमय गीतों, गरबा की मधुर धुनों और उत्साहपूर्ण वातावरण से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

आईएनएच-हरिभूमि रास गरबा एवं भजन डांडिया आज से



आज शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर आईएनएच-हरिभूमि रास गरबा एवं भजन डांडिया का भव्य आगाज होगा। यह आयोजन सेरीखेड़ी स्थित ललित महल में रात 9 बजे से होगा। इस तीन दिवसीय आयोजन में 19 अक्टूबर तक शहरवासी रास गरबा एवं भजन डांडिया का आनंद उठा सकेंगे। कार्यक्रम का संयोजन पिछले 25 वर्षों से कर रहे अनिल जोतसिंघानी ने बताया कि कार्यक्रम में श्रद्धालुओं एवं दर्शकों के लिए कई विशेष आकर्षण शामिल किए गए हैं। सुप्रसिद्ध लाइव बैंड की धुनों पर डांडिया और गरबा की प्रस्तुतियां होंगी। स्थानीय लोक-कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ी फोक, लोकगीतों का विशेष आकर्षण रहेगा। उत्सव व उल्लास के साथ-साथ युवाओं और जनसामान्य को जागरूक करने के लिए इस दौरान व्यापक स्तर पर 'नशामुक्ति अभियान' भी चलाया जाएगा।

सिटी इवेंट

पीर पराई जो कोई जाने... बंदिश से सजी शास्त्रीय संगीत की सुरमयी शाम



रायपुर। दलदल सिवन में श्रीपाद सुरावधनिवार के आयोजन में शास्त्रीय संगीत की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। गणेशोत्सव एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर शास्त्रीय संगीत की बैठकें आयोजित करने की समृद्ध परंपरा रही है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए दुर्गा पूजा के अवसर पर श्रीपाद सुरावधनिवार के आयोजन में शास्त्रीय संगीत की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस आयोजन में शहर के युवा शास्त्रीय गायक चैतन्य जोगलेकर ने राग जोगकौंस में विलंबित एकताल की रचना प्रस्तुत की। उन्होंने मध्यलय तीनताल में पारंपरिक बंदिश पीर पराई जो कोई जाने, प्रीत उसी की सांची... भी प्रस्तुत की। अपनी सशक्त और ऊर्जापूर्ण गायकी से उन्होंने श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया। उनके साथ तबले पर चंद्रशेखर तथा हारमोनियम पर मंजूषा बेडेकर ने संगति की। इस बैठक में उभरते युवा शास्त्रीय गायकों के साथ नगर के अनुभवी संगीतज्ञों भी अपनी प्रस्तुतियों से संगीतप्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया। बैठक का प्रमुख आकर्षण युवा शास्त्रीय गायक सौमेंद्र फड़के एवं चैतन्य जोगलेकर की विस्तृत एकल प्रस्तुतियां रहीं। दोनों कलाकारों ने लगभग एक-एक घंटे तक रागदारी गायन करते हुए अपनी साधना, राग-विस्तार और पारंपरिक बंदिशों की सुंदर प्रस्तुति दी। सौमेंद्र फड़के ने राग पुरिया धनाश्री में विलंबित रचना से गायन आरंभ किया। राग के विस्तार के पश्चात उन्होंने मध्यलय में प्रसिद्ध पारंपरिक बंदिश 'पायलिया झनकार' प्रस्तुत कर अपनी प्रस्तुति का समापन किया। उनके साथ तबले पर चंद्रशेखर सुरावधनिवार और हारमोनियम पर मंजूषा बेडेकर ने संगति की।

भक्ति गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति

युवा कलाकारों की प्रस्तुतियों के बाद नगर के वरिष्ठ कलाकार डॉ. दीपक बेडेकर एवं प्रोफेसर विजय जोशी ने विभिन्न रागों में मध्यलय की छोटी-छोटी रचनाएं प्रस्तुत कीं। डॉ. दीपक बेडेकर ने राग बागेश्री में गायन के साथ राग हंसध्वनि में देवी स्तुति प्रस्तुत की। पं. विजय जोशी ने राग हंसध्वनि में एक गणपति वंदना तथा राग मालकौंस में एकताल बद्ध माता की वंदना 'माता मंगल करणी दयानी, शिवानी, जगत जननी' प्रस्तुत की। दोनों कलाकारों के साथ तबले पर तालमणि श्री अशोक कुर्मे ने संगति की, जबकि हारमोनियम पर चैतन्य जोगलेकर ने सहयोग दिया।

सुख और समृद्धि की कामना के साथ ही गोदड़ीवाले बाबा की वरसी का समापन

रायपुर। देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में सतगुरु बाबा गेलाराम साहेब, महंत अम्मा मीरा देवी, महंत साईं देवी दास,साई युधिष्ठिर लाल साहेब, साई राजेश लाल साहेब, साई काली राम साहेब, साई कमल कुमार साहेब, साई सनी कुमार साहेब, साई लाल दास साहेब व साई फकीरा राम साहेब के आशीर्वाद से तीन दिवसीय महोत्सव का समापन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ सिंधी साधु समाज के सभी संतों में साई राजकुमार साहेब, साई सुदामा लाल साहेब, भाई महेश कुमार जग्यासी, साई जल कुमार मसन्द सहित सभी संतों के आशीर्वाद से रात 9 से 10.30 बजे तक नेतनेम आरती साहब, सतगुरु बाबा की मनोकामना पूर्ण करने वाली पावन मदाह साहब, श्री अखंड पाठ साहब व अखंड धुनी साहब का भोग साहब किया गया। सभी संतों ने तीन दिवसीय वरसी महोत्सव में कथा, प्रवचन, सत्संग, सिमरन, भजन, कीर्तन किया।



कंवरराम ट्रस्ट के ट्रस्टी शामिल हुए और महोत्सव में दी सेवा

यह जानकारी देते हुए दरबार के सेवादार इन्दर सचदेव, हरि इसरानी, पवन प्रीतवानी, अमर गिदवानी, सतीश थोरानी, राजेश थोरानी, और सुशील केसवानी ने बताया कि शुक्रवार को शाम 4 बजे से गोदड़ीवाला धाम महिला मंडल, रायगढ़ युवा मंडली, सुप्रसिद्ध भजन गायक अनिल भगत उल्लास नगर राजस्थान अजमेर से आए सुप्रसिद्ध गायक लवी कमल भगत ने सभी को भावविभोर किया। पल्लव साहब और भोग साहब के मौके पर छत्तीसगढ़ सहित शहर के पूज्य पंचायतों के मुखी, सभी दरबारों के प्रमुख, सामाजिक संस्थाओं के मुखिया और विभिन्न राज्यों से आए बाबा के भक्त व अमर शहीद संत कंवरराम ट्रस्ट के ट्रस्टी महोत्सव में शामिल हुए और सेवा दी।

दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को मंच देने आज 'दिव्य उत्सव'

रायपुर। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अभिन्न अंग यंग इंडियंस (वाईआई) द्वारा शनिवार को ओमाया गार्डन, मैजेस्टिक हॉल में 'दिव्य उत्सव 4.0' का आयोजन किया जाएगा। यह वाईआई रायपुर की प्रमुख समावेशन पहल का चौथा वर्ष है। इसका आयोजन वाईआई एक्सेसिबिलिटी पहल के अंतर्गत साहस, जो पीढ़ियों को प्रेरित करे थीम पर किया जा रहा है। यह उत्सव दिव्यांग बच्चों में छिपी प्रतिभा और रचनात्मकता को दिखाने के लिए मंच देता है। साथ ही यह समाज को दिव्यांगता की बजाय क्षमता को पहचानने का संदेश देता है। इसमें डिप्टी सीएम विजय शर्मा औ सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे। यंग इंडियंस के पंकज सोमानी एवं रिषभ गुप्ता ने यह जानकारी शुक्रवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष रायपुर कई विद्यालयों के लगभग 350 दिव्यांग विद्यार्थी उत्सव में भाग लेंगे।



आयोजन में बच्चे सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रस्तुतियां देंगे

आयोजन में बच्चे सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रस्तुतियां देंगे। वह अपने हाथों से बनाए गए उत्पादों के स्टॉल भी लगाएंगे। जिनमें उनका कौशल और उद्यमशीलता दिखाई देगी। दो पैरा एथलीट्स का विशेष सम्मान किया जाएगा। दोनों खिलाड़ी दिव्यांग बच्चों से संवाद करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलीट सुश्री ईश्वरी निषाद (महिला टी-11 श्रेणी) ने दुबई में आयोजित 2022 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स में 400 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। उन्होंने हांगझोऊ (चीन) में आयोजित 2023 एशियन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

कार्नर न्यूज

छत्तीसगढ़ कॉलेज में "विषैले एवं अविषैले सर्पों की पहचान एवं सरीसृपों का संरक्षण" कार्यशाला

तमिलनाडु के सरीसृप विशेषज्ञ ने साझा की जहरीले सांपों की पहचान और बचाव के उपाय

रायपुर। छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में "विषैले एवं अविषैले सर्पों की पहचान एवं सरीसृपों के संरक्षण" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्थान के विज्ञान संकाय के द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में तमिलनाडु के सरीसृप विशेषज्ञ गणेश मुथैय्या द्वारा सरीसृप वर्ग की पहचान, इनके संरक्षण, एवं दुर्घटनावश काटे जाने पर आवश्यक सावधानियों एवं उपचार के विषय में व्याख्यान एवं मार्गदर्शन दिया गया।

उक्त कार्यक्रम चेन्नई स्थित "मद्रास क्रोकोडाइल बैंक ट्रस्ट" जो की पूरे भारत में एंटीवेनम उपलब्ध कराने की एक प्रमुख संस्था है के 50वे वर्षगांठ के उपलक्ष्य में इसके संस्थापक सदस्यों में से एक गणेश मुथैय्या की " सेव द रेप्टाइलस " कैम्पेन के अंतर्गत आयोजित हुई। इसके अंतर्गत गणेश मुथैया द्वारा भारत के 22 राज्यों में लगभग पन्द्रह हजार किलोमीटर की दूरी नापकर आम नागरिकों, शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों आदि को रेप्टाइल्स के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में यह जागरूकता कार्यक्रम शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी के प्रेसिडेंट एम सूरज भी उपस्थित रहे, जिन्होंने उक्त कार्यक्रम को आयोजित करने में मध्यस्थत की भूमिका निभाई।





कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम की शुरुआत जंतु विज्ञान विभाग के डॉ. झरना रानी नाग, डॉ. विभा चौबे एवं ममता पटेल द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजलि भटनागर द्वारा स्वागत उदबोधन दिया गया। जंतु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पारमिता दुबे द्वारा गणेश मुथैया को स्मृति चिन्ह भेंट कर कृतज्ञता ज्ञापित की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल रामटेके द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. नीरजा सेन, डॉ मंजू वर्मा. डॉ अंजलि चंद्रवंशी, डॉ. सत्येन्द्र इन्दोरिया, डॉ. नम्रता दुबे, डॉ रूपशिखा अग्रवाल आदि प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में आर्ट्स साइंस एवं कामर्स के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

दुर्गोत्सव



उत्कल दुर्गा उत्सव समिति, रामकुण्ड, उत्कल बस्ती



जय बजरंग दुर्गा उत्सव समिति, गोदावरी नगर, बोरियाखुर्द



दुर्गा उत्सव समिति, आजाद चौक, टेकारी (अभनपुर)



श्री नवयुवक शिव दुर्गा उत्सव समिति, लभांडी



श्री महावीर परिवार दुर्गा उत्सव समिति, महावीर चौक, दलदल सिवनी



अष्ट विनायक नवदुर्गा उत्सव समिति गणपति विहार कालोनी, न्यू चंगोराभाटा



माँ बम्लेश्वरी दुर्गा उत्सव समिति, विनोबा भावे नगर



एकता बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेस-2, रायपुरा



सुरभि दुर्गोत्सव समिति, मौलीपारा तेलीबांधा

● स्मृति मंधाना की कप्तानी में पहली जीत बनी खास, 20 हजार दर्शकों में दिखा उत्साह

बेटियों की जीत पर झूमे रायपुरियंस चौके-छक्कों पर क्रिकेट प्रेमियों का जश्न

शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जीत के साथ रायपुर में अपने अभियान की शुरुआत की। भारत और जिम्बाब्वे के बीच टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया के प्रदर्शन ने दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया। आईपीएल के बाद एक बार फिर स्टेडियम क्रिकेट प्रेमियों के शोर से गूंज उठा। कप्तान स्मृति मंधाना की अगुआई में भारतीय टीम को खेलते देखने के लिए करीब 20 हजार दर्शक पहुंचे। चौके-छक्कों पर तालियों और जयकारों से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया गया।





रायपुर। मैच को लेकर शुरुआत में दर्शकों की मौजूदगी पर संशय था, लेकिन मुकाबला शुरू होने के बाद स्टेडियम में भीड़ बढ़ती गई। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। शुरुआती विकेट मिलने पर दर्शकों ने जमकर उत्साह जताया। पहली पारी के दौरान ही पांच हजार से अधिक दर्शक स्टेडियम पहुंच चुके थे। महिलाओं के लिए निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था भी आकर्षण का केंद्र रही।

चौके-छक्कों पर झूमे दर्शक

मैच के दौरान भारतीय खिलाड़ियों के बल्ले से निकले चौकों और छक्कों पर दर्शक झूम उठे। स्टेडियम में बज रहे फिल्मी गानों पर भी क्रिकेट प्रेमी थिरकते नजर आए। दर्शक लगातार खिलाड़ियों के नाम लेकर उनका उत्साह बढ़ाते रहे। कई प्रशंसक अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के लिए प्यार भरे संदेश और पोस्टर लेकर पहुंचे थे। कोई स्मृति मंधाना को कप्तानी की बधाई देता पोस्टर लेकर आया था, तो कोई हरमनप्रीत कौर को सफल कप्तानी के लिए शुभकामनाएं देता नजर आया। महिला क्रिकेट के इस मुकाबले में प्रशंसकों का उत्साह देखने लायक रहा। दर्शकों की प्रतिक्रियाओं और खिलाड़ियों के प्रति उनके लगाव ने स्टेडियम का माहौल जीवंत बना दिया।

स्मृति के नाम की दिखी दीवानगी

मैच में स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर और शेफाली वर्मा को लेकर दर्शकों में खासा क्रेज नजर आया। कई प्रशंसक स्मृति के नाम वाली टी-शर्ट पहनकर स्टेडियम पहुंचे। कप्तान के रूप में स्मृति की अगुआई में टीम को खेलते देखने के लिए प्रशंसकों में खास उत्साह था।





शाम होते ही बढ़ने लगी भीड़

शाम सात बजे के बाद स्टेडियम में दर्शकों की संख्या तेजी से बढ़ी। पहली पारी समाप्त होने तक दर्शकों की संख्या 10 हजार के पार पहुंच गई। बल्लेबाजों के चौके-छक्कों पर दर्शक सीटों से उठकर तालियां बजाते दिखे, जबकि विकेट गिरने पर भी स्टेडियम में जोरदार प्रतिक्रिया हुई।

रायपुर के लिए यादगार बना मुकाबला

त्योहारी सीजन के बीच दर्शकों की उपस्थिति को लेकर लगाए जा रहे कयासों के बीच स्टेडियम में क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह देखने को मिला। रायपुर में पहली बार आयोजित महिला अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मुकाबले ने शहर के दर्शकों को महिला क्रिकेट का रोमांच करीब से देखने का अवसर दिया। खिलाड़ियों के प्रति प्रशंसकों का उत्साह और स्टेडियम में गूंजता शोर इस मुकाबले की खास पहचान बना





श्री बंगाली कालीबाड़ी समिति कालीबाड़ी चौक प्रांगण में शाम सात बजे से शुरू हुआ उत्सव

कालीबाड़ी में शारदीय दुर्गा पूजा का महाषष्ठी से आगाज, पहली बार महिला ढाकी रही आकर्षण

कार्नर न्यूज

रायपुर। बंगाली समाज द्वारा शुक्रवार की शाम से दुर्गा पूजा उत्सव का भव्य आगाज शारदीय नवरात्रि की महाषष्ठी तिथि से किया गया। पहले दिन शाम सात बजे बोधन और आमंत्रण का नियम किया गया। इसमें समाज के लोग भारी तादाद में उत्सव का साक्षी बनने के लिए पहुंचे। इसके चलते भक्ति और उल्लास का वातावरण निर्मित हुआ। श्री बंगाली का ली बा ड़ी स मि ति कालीबाड़ी चौक स्थित मंदिर प्रांगण में समिति के अध्यक्ष तन्मय चटर्जी सहित सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पहली बार माता के श्री धाम में चार महिला ढाकी दलों ने वाद्ययंत्रों की थाप पर माता के सम्मुख नृत्य भी प्रस्तुत किया। सबसे पुरानी कालीबाड़ियों में शुमार इस समिति की पहल पर पुरुषों के ढाकी दलों में शहनाई दल भी आकर्षण का केन्द्र रहा। श्री चटर्जी ने बताया कि शनिवार को सप्तमी तिथि पर सुबह नवपत्रिका स्नान का नियम विधि-विधान से किया जाएगा। इसके साथ ही दिनभर पूजा के सभी विधान किए जाएंगे।





समाज की सहभागिता ने आयोजन को भव्य रूप दिया

इसी क्रम में डॉ. राजेंद्र नगर स्थित त्रिलोकी मां कालीबाड़ी में शारदीय दुर्गोत्सव (दुर्गा पूजा) की शुरुआत की गई। महाषष्ठी पूजा और पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। बोधन और आमंत्रण के साथ शाम 6 बजे से बोधन, आमंत्रण व अधिवास के साथ शाम साढे 7 बजे से अन्य पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठान शुरू किए गए। समिति द्वारा यह भव्य दुर्गोत्सव का 46वां वर्ष है, जो शहर के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित बंगाली पद्धति पूजा आयोजनों में से एक है। इस पूजा उत्सव में समाज के सभी वर्ग की सहभागिता ने आयोजन को भव्य रूप दिया।

21 को उदया तिथि में सिंदूर खेला संग माता की विदाई

इस बार भी माना बस्ती, डब्ल्यूआरएस कालोनी, गुढ़ियारी सहित सभी बंगाली कालीबाड़ियों में दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया गया। इस बार समाज के द्वारा 21 अक्टूबर को दशमी की उदया तिथि के अनुरूप सिंदूर खेला का आयोजन भी विधि-विधान से किया जाएगा। इसके साथ ही माता को विदाई दी जाएगी। इसमें समाज की महिलाओं की सहभागिता से आयोजन गरिमामय स्वरूप लेने के साथ परंपराओं का भी निर्वहन किया जाएगा। इसके पहले प्रतिदिन बंगाली समाज के पुजारियों द्वारा दुर्गा पूजा उत्सव को गति दी जाएगी।

सिटी स्पोर्ट्स

यूथ क्रिकेट टूर्नामेंट में इमर्जिंग की 7 विकेट से शानदार जीत



भिलाई। क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा द्वारा आयोजित तृतीय वर्ष के 'यूथ क्रिकेट टूर्नामेंट' के अंतर्गत शुक्रवार का पहला मैच आर.के. अकादमी हुडको एवं इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर के मध्य खेला गया, जिसे इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर ने 7 विकेट से अपने नाम किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्णिमा वर्मा (जनपद सदस्या, ग्राम करंजा, जिला दुर्ग) ने किया। मैच का टॉस इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर ने जीता और पहले क्षेत्ररक्षण (बॉलिंग) करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आर.के. अकादमी की पूरी टीम निर्धारित ओवरों में 132 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम के लिए शुभ ने 39 रन, आदित्य ने 26 रन और हमजा हुसैन ने 22 रन बनाए। इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए लोकेश ने तीन विकेट, तथा अभ्युदय एवं धनंजय ने दो-दो विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 137 रन बनाकर मैच 7 विकेट से जीत लिया। बल्लेबाजी में दरश ने नाबाद (नॉट आउट) 43 रन, लोकेश ने 29 रन, टीम के कप्तान अर्श ने 22 रन (रिटायर्ड हर्ट) और अभियंश ने 20 रन का योगदान दिया। आर.के. अकादमी की ओर से गेंदबाजी में आयांश, अंशुल और वेदांश ने एक-एक विकेट हासिल किया। इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले लोकेश को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। मैच के अंपायर हिमाचल साहू एवं एस. बालराजू थे, जबकि स्कोरर की भूमिका विनोद देवघरे ने निभाई।

राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता आज



रायपुर। 26वीं सीनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन सी.वी. रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर में 17 अक्टूबर को किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में विजयी रहने वाले तीरंदाज सीनियर राष्ट्रीय स्पर्धा में हिस्सा लेंगे, जो 11 से 18 नवंबर तक शिलांग, मेघालय में आयोजित होने वाली है। छत्तीसगढ़ आर्चरी संघ के सचिव आयुष मुरारका ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में राज्य के 20 जिलों से 300 तीरंदाज, कोच, मैनेजर और ऑफिशियल्स भाग लेंगे। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बिलासपुर जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस दौरान वाइस चांसलर प्रदीप घोष, रजिस्ट्रार अरविंद तिवारी, ईशा अग्रवाल, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से श्री एक्का, कैलाश मुरारका, वंदना उइके और आलोक शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहकर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे। इस प्रतियोगिता में विशेष रूप से नेशनल मेडल प्राप्त तीरंदाज भाग लेंगे। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज तोमन कुमार भी अपनी हिस्सेदारी निभाएंगे, जो सामान्य वर्ग की प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेते हैं।

इंटर कॉलेज क्रॉस कंट्री में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



रायपुर। इंटर कॉलेज (पुरुष/महिला) क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन 15 अक्टूबर को बेलभाठा, अभनपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 42 पुरुष एवं 23 महिला खिलाड़ियों ने पूरी ऊर्जा के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में यशराज रात्रे (शासकीय आर.एन.एम. महाविद्यालय, सारंगढ़) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, डोमनलाल (दुर्गा कॉलेज, रायपुर) ने द्वितीय स्थान तथा बुद्धेश्वर पैकरा (शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, रायपुर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में ईशा रानी सिन्हा (शासकीय हीरालाल काव्योपाध्याय महाविद्यालय, अभनपुर) प्रथम स्थान पर रहीं, जबकि दामनी यादव (पं. शयामाचरण शुक्ला महाविद्यालय, धरसीवा) ने द्वितीय स्थान और हेमलता (हरिशंकर महाविद्यालय, रायपुर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के उद्घाटन एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अभनपुर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में शारीरिक शिक्षा अध्ययन शाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रो. सी.डी. अगासे शामिल हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. वी.के. मिश्रा ने की। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि ने महिला एवं पुरुष वर्ग के सभी प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

विटामिन की संतुलित मात्रा है जरूरी, सही जानकारी होना है बेहद आवश्यक

विटामिन्स और मिनरल्स का असंतुलन बिगाड़ सकता है सेहत का खेल, पोषक तत्वों की कमी और अधिकता दोनों हैं खतरनाक

शरीर को सुचारू रूप से काम करते रहने के लिए कई प्रकार के पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। विटामिन्स, प्रोटीन और आयरन सहिततमाम पोषक तत्व सभी अंगों को स्वस्थ रखने और उनके कार्यों को बेहतर ढंग से संचालित करने में मदद करते हैं। विटामिन-सी और डी जैसे तत्व शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ कई गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम करने में मददगार साबित हो सकते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने से जहाँ बीमारियों के विकसित होने का खतरा रहता है, वहीं अगर इनकी मात्रा जरूरत से ज्यादा बढ़ जाए तो इसके गंभीर परिणाम भी भुगतने पड़ सकते हैं। कई पोषक तत्वों की अधिकता की स्थिति में किडनी की गंभीर बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है।



विटामिन-सीः फायदे और नुकसान

विटामिन-सी सबसे चर्चित पोषक तत्वों में से एक है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। शरीर में विटामिन-सी की कमी के कारण चिड़चिड़ापन और एनोरेक्सिया का खतरा हो सकता है। इसके अलावा त्वचा संबंधी समस्याएं जैसे घाव का ठीक से न भरना, दांतों-मसूड़ों की समस्या और संक्रामक रोगों का खतरा बना रहता है। वहीं, अगर शरीर में विटामिन-सी की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है, तो इसके कारण पेट खराब होना, दस्त और गंभीर स्थितियों में किडनी में पथरी होने की शिकायत हो सकती है।

विटामिन-डीः हड्डियां और इम्युनिटी

भोजन और सूर्य के प्रकाश के माध्यम से शरीर को विटामिन-डी प्राप्त होता है। इसे प्रतिरक्षा प्रणाली और हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक माना जाता है। शरीर में विटामिन-डी की कमी के कारण इम्युनिटी कमजोर होने के साथ-साथ कैल्शियम का स्तर (हाइपोकैल्सीमिया) भी कम होने लगता है। इसे बच्चों में रिकेट्स (हड्डियों का नरम होना) नामक बीमारी का प्रमुख कारक माना जाता है। दूसरी ओर, विटामिन-डी की अधिकता भी नुकसानदायक है; इससे शरीर में अत्यधिक कैल्शियम का निर्माण हो सकता है, जिससे हड्डियां कमजोर हो सकती हैं तथा किडनी व हृदय को भारी नुकसान पहुंच सकता है।



आयरन की भूमिका और अति

आयरन हमारे रक्त का एक प्रमुख अवयव है, जिसकी कमी से एनीमिया (खून की कमी) का खतरा रहता है। जब शरीर में हीमोग्लोबिन का उत्पादन करने के लिए पर्याप्त आयरन नहीं होता, तो इस रोग का जोखिम पैदा होता है। अध्ययनों में पाया गया है कि एनीमिया कमजोरी और थकान के साथ-साथ गंभीर स्थितियों में हृदय रोग व डिमेंशिया के खतरे को भी बढ़ा सकता है। हालांकि, ध्यान रखें कि बहुत अधिक आयरनयुक्त चीजों का सेवन करना भी नुकसानदेह है।



शरीर में आयरन की अधिकता के कारण लिवर, जोड़ों, अग्न्याशय (पैनक्रियाज) और हृदय को क्षति पहुंच सकती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का सुझाव है कि सभी पोषक तत्वों का सेवन हमेशा संतुलित और सही मात्रा में ही किया जाना चाहिए। बेहतर यही होगा कि आप कृत्रिम सप्लीमेंट्स की जगह प्राकृतिक आहार के माध्यम से ही इन पोषक तत्वों को प्राप्त करें।



पंजा कुश्ती, पुश-अप्स, कैरम और शतरंज में छा गए कॉलेज स्टूडेंट

रायपुर। श्री बालाजी दिशा कॉलेज, रामनगर, कोटा, रायपुर में शुक्रवार को खेल विभाग के तत्वावधान में आर्म रेसलिंग (पंजा कुश्ती), पुश-अप्स, कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक स्वास्थ्य, एकाग्रता, अनुशासन एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करना था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. के. तिवारी ने विद्यार्थियों को खेलकूद एवं पाठ्येतर गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

■ श्री बालाजी दिशा कॉलेज में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, दृढ़ संकल्प और सामूहिक कार्य करने की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा शैक्षणिक गतिविधियों एवं शारीरिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन बनाए रखने की सलाह दी। प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनके परिणाम इस प्रकार रहेः आर्म रेसलिंग (पंजा कुश्ती) के छात्र वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में योगराज ध्रुव, प्रसन्न घोंगड़े, राजकुमार राजभर एवं अनुभव अवधिया ने विजेता स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्रा वर्ग में टेमिन साहू, रिया सिकदर एवं अन्वेषा गोस्वामी विजेता रहीं। पुश-अप्स प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में लकी साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्रा वर्ग में अंजलि अहिरवार प्रथम स्थान पर रहीं। कैरम प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में तन्मय शर्मा एवं मोहम्मद शहनवाज खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्रा वर्ग में वंशिका मंडावी एवं मौली डागा विजेता रहीं। शतरंज प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में विशेष देवांगन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्रा वर्ग में प्रतिष्ठा गाडगिल ने प्रथम स्थान हासिल किया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का शानदार अवसर मिला। साथ ही, इन गतिविधियों ने शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक सक्रियता और निष्पक्ष खेल भावना को बढ़ावा दिया।

राज्य के 35 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, ट्रैक साइकिलिंग प्रतियोगिता में सामने आई युवा खेल प्रतिभाएं

भिलाई। छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने की दिशा में भिलाई स्थित जयंती स्टेडियम का वेलोड्रोम एक बड़े ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बना। साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में सेक्टर-10 स्थित वेलोड्रोम में दो दिवसीय राज्य स्तरीय ट्रैक साइकिलिंग प्रतियोगिता एवं चयन ट्रायल का भव्य व सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 35 से अधिक बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा, गति और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य राज्य में ट्रैक साइकिलिंग के प्रति युवाओं में रुचि बढ़ाना, उदीयमान खिलाड़ियों को तराशना और राष्ट्रीय पटल पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने के लिए योग्य एवं प्रतिभावान साइकिल चालकों की पहचान करना था।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राज्य की आधिकारिक साइकिलिंग टीम का चयन किया गया। इस चयन ट्रायल के माध्यम से चुने गए प्रतिभावान खिलाड़ी आगामी 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर मिलने वाला यह अवसर खिलाड़ियों के करियर के लिए एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा, जहां वे देश भर के शीर्ष खिलाड़ियों के बीच अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर राज्य का मान बढ़ाएंगे।

फेंगशुई के आसान उपाय बदल देंगे आपके जीवन की ऊर्जा

प्राचीन चीनी वास्तु शास्त्र 'फेंगशुई' का हमारे जीवन और आसपास के वातावरण पर गहरा प्रभाव पड़ता है। फेंगशुई मुख्य रूप से ऊर्जा (ची) के संतुलन पर आधारित है। यदि घर की ऊर्जा सकारात्मक हो, तो वहां रहने वाले सदस्यों के मन में हमेशा प्रसन्नता, शांति और उत्साह बना रहता है। आधुनिक दौर में लोग अपने घरों में सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को बढ़ाने के लिए फेंगशुई के सिद्धांतों का तेजी से उपयोग कर रहे हैं, ताकि घर का माहौल हमेशा खुशहाल और तनावमुक्त रहे।घर में प्रसन्नता और सकारात्मक माहौल बनाए रखने के लिए फेंगशुई में कुछ बेहद सरल और प्रभावी उपाय बताए गए हैं। सबसे पहले, घर को हमेशा साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखना चाहिए। अव्यवस्था या पुराना कबाड़ नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है, इसलिए घर के मुख्य द्वार और कमरों को साफ रखना जरूरी है। इसके अलावा, घर की उत्तर या पूर्व दिशा में ताजे हरे पौधे, जैसे कि 'लकी बांस' (Lucky Bamboo) या मनी प्लांट रखना फेंगशुई के अनुसार बेहद शुभ माना जाता है, जो घर में धन और खुशियों का स्वागत करता है। प्रसन्नता के माहौल के लिए घर में प्राकृतिक रोशनी और ताजी हवा का आना बहुत जरूरी है। फेंगशुई के अनुसार, कमरों में घुटन या अंधेरा नकारात्मकता बढ़ा सकता है। घर के मुख्य द्वार पर या लिविंग रूम में सुंदर विंड चाइम्स लगाने से निकलने वाली मधुर ध्वनि आसपास की नकारात्मक ऊर्जा को दूर भगाती है।





हॉकी और साइकिलिंग में दुर्ग और बिलासपुर का दबदबा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में खेलकूद का रोमांच अपने चरम पर है। राजधानी रायपुर के कृष्णा पब्लिक स्कूल, सरोना में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत रोलर स्केटिंग खेल की रिंक रेस एवं रोड रेस स्पर्धाओं का उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। प्रतियोगिता में राज्य के पाँच प्रमुख संभागों—रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, बस्तर और दुर्ग—से आए कुल 242 प्रतिभावान खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

हॉकी और साइकिलिंग में भी दिखाया जोर

प्रतियोगिता के दौरान हॉकी के रोमांचक मुकाबलों में बालक वर्ग का खिताब दुर्ग संभाग ने अपने नाम किया, जबकि सरगुजा संभाग दूसरे स्थान पर और बिलासपुर संभाग तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, बालिका वर्ग में भी दुर्ग संभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, सरगुजा संभाग दूसरे स्थान पर रहा और बस्तर संभाग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इसके साथ ही, साइकिलिंग की मास स्टार्ट स्पर्धा में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने रफ्तार का जादू बिखेरा। चौदह वर्ष से कम (अंडर-14) आयु वर्ग के बालक वर्ग में दुर्ग के डोमेन्द्र साहू ने पहला, बिलासपुर के सागर चौहान ने दूसरा और बस्तर के गोविंद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग की बालिकाओं में दुर्ग की दृष्टि साहू प्रथम, दुर्ग की ही शीतल देशमुख द्वितीय और बस्तर की सृष्टि नाग तृतीय स्थान पर रहीं। सत्रह वर्ष से कम (अंडर-17) आयु वर्ग के बालकों में दुर्ग के सनी कुमार ने स्वर्ण, अलोक देशमुख ने रजत और बस्तर के दीपराज मरकाम ने कांस्य पदक अपने नाम किया। अंडर-17 बालिकाओं में दुर्ग की रेशमी साहू प्रथम, बिलासपुर की तनुजा विशाल द्वितीय और दुर्ग की शालिता पटेल तृतीय रहीं। उन्नीस वर्ष से कम (अंडर-19) आयु वर्ग के बालक वर्ग में दुर्ग के राहुल निर्मलकर ने बाजी मारते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि सौरभ कुमार दूसरे और बिलासपुर के प्रियांशु गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-19 बालिकाओं में दुर्ग की पुष्पांजलि प्रथम, दुर्ग की ही कुमेश्वरी द्वितीय और बस्तर की रंजीता नाग तृतीय स्थान पर रहीं।

रोड साइकिलिंग और ताइक्वांडो में खिलाड़ियों ने दिखाए जौहर

रोड साइकिलिंग की इंडिविजुअल टाइम ट्रायल स्पर्धा में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें 14 वर्ष बालक वर्ग में दुर्ग के कुणाल देशमुख और बालिका वर्ग में बिलासपुर की तनीषा डोबा ने प्रथम स्थान हासिल किया। सत्रह वर्ष आयु समूह में दुर्ग के तुषार देवांगन ने बालक वर्ग में और बिलासपुर की अंतर सारथी ने बालिका वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 19 वर्ष आयु समूह के बालक वर्ग में दुर्ग के हेमेंद्र साहू और बालिका वर्ग में दुर्ग की ही निधि साहू ने प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। दूसरी ओर, ताइक्वांडो की विभिन्न भार वर्ग स्पर्धाओं में भी नन्हें और युवा खिलाड़ियों ने अपनी फाइटिंग स्किल्स का शानदार प्रदर्शन किया।

चौदह वर्ष बालिका वर्ग के 18 किलोग्राम भार वर्ग में बस्तर से वसुंधरा, 20 किग्रा में बिलासपुर से काजल यादव, 22 किग्रा में दुर्ग से अंजलि, 24 किग्रा में बिलासपुर से सोना पंडित, 26 किग्रा में दुर्ग से भावना साहू, 29 किग्रा में दुर्ग से कनिष्का यादव, 32 किग्रा में रायपुर से गीतांजलि चक्रधारी, 35 किग्रा में रायपुर से संध्या साहू, 38 किग्रा में रायपुर से दुर्गा शक्ति गुप्ता और 38 किलोग्राम से अधिक वजन वर्ग में रायपुर से विशाखा बनसोडे ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की।

बालक ताइक्वांडो मुकाबलों में भी दिखा कड़ा संघर्ष

ताइक्वांडो के 14 वर्ष आयु समूह के बालक वर्ग में भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहाँ 18 किलोग्राम वर्ग में रायपुर से किशन राव मानिकपुरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 21 किलोग्राम वर्ग में बिलासपुर से पीतांबर यादव, 23 किलोग्राम वर्ग में दुर्ग से रुद्र कुमार, 25 किलोग्राम वर्ग में दुर्ग के ही कृष्ण गुप्ता, 27 किलोग्राम वर्ग में रायपुर के रोहन चक्रधारी, 29 किलोग्राम वर्ग में बिलासपुर के वेदांत साहू, 32 किलोग्राम वर्ग में बिलासपुर के शाश्वत बारेठ, 35 किलोग्राम वर्ग में रायपुर के रुबल कुमार साहू, 38 किलोग्राम वर्ग में दुर्ग के मयंक, 41 किलोग्राम वर्ग में रायपुर के योगेंद्र साहू और 41 किलोग्राम से अधिक भार समूह में दुर्ग के टिकेंद्र कुमार ने प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया।

जेएनएम प्रीमियर लीग का उद्घाटन

रायपुर। पंडित जवाहर लाल नेहरु चिकित्सा महाविद्यालय अंतर्गत जेएनएम प्रीमियर लीग का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ है। जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. पीयूष श्रीवास्तव ने बताया कि सुभाष स्टेडियम में तीन दिनी इस आयोजन में कालेज के महिला वर्ग और पुरुष वर्ग के अलग-अलग मैच होंगे। शुक्रवार को पहले दिन मैच का उद्घाटन फारेंसिक विभाग के चिकित्सक डा. नागेंद्र सोनवानी ने किया। क्रिकेट मैच के अलावा आने वाले दिनों में कालेज में अन्य खेलों का आयोजन भी किया जाएगा। इससे मेडिकल कॉलेज के खिलाड़ियों में खेल भावना, आपसी भाईचारे और टीम स्पिरिट को बढ़ावा मिलेगा।





फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

'द बैटमैन भाग 2' का काम अस्थायी रूप से रुका, निर्देशक मैट का व्यक्तिगत फैसला



बहुप्रतीक्षित सुपरहीरो मूवी 'द बैटमैन भाग 2' को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है कि फिल्म का फिल्मांकन हाल ही में अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। अभिनेता रॉबर्ट पैटिनसन के अभिनय से सजी इस फिल्म का दर्शक उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं, किंतु निर्देशक मैट रीव्स के व्यक्तिगत एवं पारिवारिक कारणों से निर्देशन से कुछ समय के लिए अलग होने के कारण मुख्य निर्माण कार्य को स्थगित करना पड़ा है। वार्नर ब्रदर्स और डीसी स्टूडियोज ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है। डीसी स्टूडियोज ने स्पष्ट किया है कि वे पूर्ण रूप से निर्देशक मैट रीव्स के साथ खड़े हैं और जब तक वे अपने पारिवारिक विषयों को संभाल रहे हैं, तब तक फिल्मांकन पर यह रोक बनी रहेगी। मुख्य अभिनेता रॉबर्ट पैटिनसन ने भी इस निर्माण विराम पर अपनी सहमति जताई है। हालांकि इससे चलचित्र से जुड़े तकनीकी सहयोगियों के कार्य पर अस्थायी प्रभाव पड़ा है, किंतु निर्माताओं को आशा है कि निर्देशक के लौटते ही परियोजना को पुनः गति दे दी जाएगी। कई बदलावों और विलंब के पश्चात इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को सिनेमाघरों में 18 फरवरी, 2028 को प्रदर्शित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में कार्य रुकने से निर्धारित समयावधि पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इस पर अभी कोई अंतिम टिप्पणी करना पूर्वग्रह होगा। निर्माताओं का मुख्य ध्यान अभी निर्देशक की व्यक्तिगत प्राथमिकताओं पर है और फिल्मांकन पुनः प्रारंभ होने पर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी।

टॉलीवुड

मोहनलाल की जासूसी फिल्म 'ऑपरेशन गंगा' का जॉर्जिया में शूटिंग का दौर पूरा



मलयालम सिनेमा के वरिष्ठ अभिनेता मोहनलाल की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ऑपरेशन गंगा' से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है कि फिल्म का जॉर्जिया का चित्रांकन चरण सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है। यह चलचित्र भारत के एक विशाल एवं चुनौतीपूर्ण निष्क्रमण अभियान (बचाव मिशन) पर आधारित एक उच्च स्तरीय गुप्तचर कथा (स्पाई थ्रिलर) है। जॉर्जिया में मुख्य चित्रांकन पूर्ण होने की जानकारी अभिनेत्री भाग्यश्री बोरसे ने सामाजिक माध्यमों पर साझा की। इस फिल्म में वे एक मुख्य भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने फिल्मांकन पूर्ण होने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सहयोगियों के साथ चित्र साझा किए और वरिष्ठ अभिनेता मोहनलाल के साथ कार्य करने के अनुभव को अपने लिए एक सौभाग्य बताया। जॉर्जिया चरण के दौरान फिल्म के कई महत्वपूर्ण एवं रोमांचक दृश्यों का चित्रांकन किया गया है।
राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता विष्णु मोहन द्वारा निर्देशित इस फिल्म का मूल वाक्य 'एक राष्ट्र का वचन' (ए नेशंस प्रॉमिस) रखा गया है। मोहनलाल के अतिरिक्त इसमें अर्जुन रामपाल, आदिल हुसैन और आर. पार्थिबन जैसे प्रतिष्ठित कलाकार मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म की भव्यता और इसकी कथा को लेकर दर्शकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

भोजपुरी

जौनपुर में 'भूतनी का बदला' के मंच पर भीषण अग्नि दुर्घटना टली



भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री संजना पांडेय अपनी आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूतनी का बदला' के चित्रांकन के दौरान एक गंभीर दुर्घटना का शिकार होने से बच गईं। उत्तर प्रदेश के जौनपुर (बदलापुर) में फिल्म की शूटिंग चल रही थी, जहाँ एक विशेष दृश्य के दौरान सेट पर अचानक भीषण आग लग गई। दृश्य की आवश्यकतानुसार अभिनेत्री संजना पांडेय को आग के बीच खड़े होकर अभिनय करना था, जिसके लिए सुरक्षा मानकों के तहत ज्वलनशील सामग्री का उपयोग किया गया था। लेकिन शूटिंग के दौरान तेज हवा चलने के कारण आग बेकाबू हो गई और उसकी लपटें अभिनेत्री के कपड़ों तक पहुँच गईं। कपड़ों में आग लगते ही मंच पर हड़कंप मच गया। हालात की गंभीरता को देखते हुए दल के सदस्यों ने बिना देरी किए पानी डालकर आग को शांत किया और संजना को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।
सहयोगियों की सूझबूझ से एक बड़ी दुर्घटना टल गई और अभिनेत्री को कोई गंभीर चोट नहीं आई। दुर्घटना के पश्चात संजना पांडेय ने राहत की सांस लेते हुए स्वयं एवं दल के सभी सदस्यों के पूर्णतः सुरक्षित होने की पुष्टि की। इस भयावह अनुभव के पश्चात भी दल का उत्साह बना हुआ है और कलाकारों ने विश्वास जताया है कि यह रोमांचक चलचित्र दर्शकों को अत्यंत भाएगा।

पटोला प्रिंट का जादू



अभिनेत्री एवं मॉडल कृति सेनन के इस खूबसूरत पारंपरिक परिधान को प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर मयूर गिएत्रोत्रा ने तैयार किया गया है। यह पहनावा किसी भी पारंपरिक उत्सव, पर्व अथवा वैवाहिक समारोह के अवसर के लिए अत्यंत उपयुक्त है। इस पोशाक की मुख्य विशेषता इसका जीवंत और बहुरंगी पटोला-प्रिंट दुपट्टा है, जिसके किनारों पर कलात्मक मिरर वर्क और कौड़ियों की झालरें लगी हुई हैं। इसके साथ उन्होंने पारंपरिक स्वर्ण आभूषण धारण किए हैं तथा ललाट पर छोटी सी बिंदी लगाकर अपने रूप को पूर्ण किया है, जो भारतीय संस्कृति और आधुनिक परिधान शैली का एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करता है।

त्वचा को बेदाग निखार देंगे इलेक्ट्रिक एवं सोनिक मेकअप ब्रश

बदलत कालक्रम क साथ सादय प्रसाधन का तकनाक म भा क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं। वर्तमान में सौंदर्य उद्योग में इलेक्ट्रिक एवं सोनिक मेकअप ब्रश अत्यंत चर्चा में हैं। साधारण हाथों या स्पंज से मेकअप लगाने का समय अब पीछे छूट रहा है। आधुनिक महिलाओं के मध्य अपनी पहचान बना रहे ये यंत्रीकरण उपकरण त्वचा पर बिना किसी विशेष प्रयास के व्यावसायिक स्तर का पूर्ण निखार देने के लिए जाने जाते हैं।

सूक्ष्म-कंपन तकनीक की कार्यप्रणाली

इन आधुनिक ब्रुशों की मुख्य विशेषता इनमें प्रयुक्त सूक्ष्म-कंपन और ध्वनि तरंग तकनीक है। पारंपरिक ब्रुशों की तुलना में ये उपकरण प्रति मिनट हजारों बार कंपन करते हैं। जब आप इसे चेहरे पर चलाते हैं, तो इसके सूक्ष्म कंपन आधार फाउंडेशन, दाग-धब्बे छिपाने वाले कंसीलर और रूप-रेखा उभारने वाले प्रसाधनों को त्वचा में अत्यंत सहजता से समाहित कर देते हैं। इससे चेहरा प्राकृतिक और एयरब्रश से संवारने जैसा दिखाई देता है।

प्रसाधनों की बचत और प्राकृतिक निखार

इन विद्युत ब्रशों का एक बड़ा लाभ यह है कि इनसे सौंदर्य प्रसाधनों की खपत कम होती है। साधारण स्पंज से लगाने पर अधिकांश द्रव सोख लिया जाता है या चेहरे पर असंतुलित दिखता है। इसके विपरीत, यह तकनीक कम मात्रा में प्रसाधन का प्रयोग करके उसे उत्कृष्ट रूप से फैलाती है, जिससे चेहरा भारी दिखने के बजाय हल्का और तरोताजा नजर आता है।



व्यस्त दिनचर्या में त्वरित परिणाम

समय की सीमा से बंधी कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिए यह तकनीक अत्यंत उपयोगी है। जहाँ पूर्व में आधार प्रसाधन तैयार करने में अधिक समय लगता था, वहीं अब इसकी सहायता से कुछ ही मिनटों में व्यावसायिक निखार प्राप्त हो जाता है। इससे त्वचा के छिद्रों में प्रसाधन भली-भांति स्थिर हो जाता है, जिससे दीर्घकाल तक बेदाग निखार बना रहता है। यदि आप भी अपने सौंदर्य रूटीन को उन्नत बनाना चाहती हैं, तो इसे अपनी वैनिटी का हिस्सा अवश्य बनाएँ।

शैली और आराम का संगम ट्रेंडिंग फुटवियर

फैशन जगत में सही फुटवियर का चयन आपके संपूर्ण व्यक्तित्व को परिवर्तित कर सकता है। इन दिनों महिला फुटवियर रुझानों में आकर्षण के साथ-साथ सहजता को मुख्य स्थान दिया जा रहा है। पारंपरिक अवतार हो, कार्यालयीन पहनावा हो या सामान्य भ्रमण, हर अवसर के लिए आधुनिक विकल्प उपलब्ध हैं।

ब्लॉक हील्स

ऊँची हील्स के आकर्षक रूप और आराम का सही मिश्रण 'ब्लॉक हील्स' हैं। पतली हील्स की तुलना में इनमें पैरों पर भार कम पड़ता है और संतुलन बनाना सहज होता है। पारंपरिक परिधान हों या पाश्चात्य वस्त्र, तटस्थ और मेटल रंगों की ब्लॉक हील्स हर परिधान के साथ जंचती हैं।

म्यूल्स एवं क्लोग्स

पीछे से खुले (बैकलेस) प्रारूप वाले म्यूल्स इस समय युवा वर्ग और कामकाजी महिलाओं की पहली पसंद बने हुए हैं। इन्हें पहनना और उतारना अत्यंत सरल है। कढ़ाई, मोती कार्य और चमड़े की बनावट वाले म्यूल्स बिना किसी विशेष प्रयास के एक भव्य रूप प्रदान करते हैं।

चंकी स्नीकर्स

पाश्चात्य और सामान्य फैशन में मोटे सोले वाले



स्नीकर्स का वर्चस्व है। जीन्स और शॉर्ट्स ही नहीं, बल्कि अब युवतियां इन्हें मुद्रित परिधानों और इंडो-वेस्टर्न वस्त्रों के साथ भी पहन रही हैं। यह न केवल देखने में आधुनिक लगते हैं, बल्कि दिनभर चलने-फिरने के लिए अत्यधिक आरामदायक होते हैं। यदि आप अपनी लंबाई थोड़ी बढ़ाना चाहती हैं किंतु हील्स के कष्ट से बचना चाहती हैं, तो प्लेटफॉर्म सैंडल्स सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं। इनमें एड़ी और पंजे दोनों तरफ समान रूप से मोटा तला होता है, जिससे पैरों पर तनाव

मेंस फैशन में आए नए बेल्ट्स, जरूर आजमाइए



पुरुषों के परिधान में बेल्ट को सदैव से एक महत्वपूर्ण अंग माना गया है। एक सही बेल्ट न केवल आपके पैंट या जींस को सही आकार देती है, बल्कि आपके संपूर्ण व्यक्तित्व को निखारकर एक शिष्ट पहचान भी प्रदान करती है। बदलते दौर के साथ पुरुषों की बेल्ट्स में भी पारंपरिक चमड़े से लेकर आधुनिक बकल वाले विकल्प उपलब्ध हैं।

क्लासिक फुल-ग्रेन लेदर बेल्ट

औपचारिक परिधानों और व्यावसायिक बैठकों के लिए काले और गहरे भूरे रंग की लेदर बेल्ट का चलन सदैव बना रहता है। ये बेल्ट्स अपनी मजबूती और उत्कृष्ट बनावट के लिए जानी जाती हैं। औपचारिक पैंट और सूट के साथ सादे धातु बकल वाली लेदर बेल्ट पुरुषों को एक अत्यंत गभीर और व्यावसायिक रूप देती है।

रिवर्सिबल बेल्ट

आज की व्यस्त जीवनशैली में सुविधा और शैली का संगम रिवर्सिबल बेल्ट अत्यधिक पसंद की जा रही हैं। इन बेल्ट्स की मुख्य विशेषता यह है कि इनका बकल घुमाकर आप एक ही बेल्ट को दोनों तरफ से प्रयोग कर सकते हैं—जैसे एक तरफ काला रंग और दूसरी तरफ गहरा भूरा रंग। यह यात्रा या दैनिक कार्यालयीन उपयोग के लिए अत्यंत व्यावहारिक विकल्प है।

वोवन एवं टेक्सचर्ड बेल्ट

सामान्य और ग्रीष्मकालीन फैशन में बुनी हुई चमड़े या कपड़े की बेल्ट्स का आकर्षण बढ़ा है। जीन्स और चिनोस के साथ इस प्रकार की बेल्ट्स एक मजबूत और सहज रूप देती हैं। इसमें टैन, गहरा नीला और जैतूनी हरा रंग युवाओं के बीच अत्यधिक लोकप्रिय है।

स्टेटमेंट बकल बेल्ट

यदि आप उत्सव परिधान या साहसिक फैशन पसंद करते हैं, तो विंटेज फिनिश या धात्विक चिन्ह वाले आकर्षक बकल वाली बेल्ट्स आपके लुक को निखार सकती हैं। इन्हें सामान्यतः उत्कृष्ट डेनिम जीन्स या जैकेट्स के साथ पहना जाता है।

ओवरसाइज़्ड ट्रेंच कोट और को-ऑर्ड लाउंज वियर का जादू लुभा रहा



आज के समय में परिधान उद्योग में बदलाव तीव्र गति से हो रहे हैं, जहाँ अब शैली के साथ-साथ शारीरिक सहजता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में वर्तमान फैशन रुझानों में दो परिधान हल्के ओवरसाइज्ड ट्रेंच कोट और को-ऑर्ड लाउंज वियर सेट सबसे आगे हैं। ये दोनों ही परिधान आज की पीढ़ी की पहली पसंद बन चुके हैं, जो साधारण अवतार में भी एक भव्य और प्रभावशाली छाप जोड़ते हैं।



हल्के ओवरसाइज्ड ट्रेंच कोट का आकर्षण

पारंपरिक रूप से ट्रेंच कोट को भारी शीतकालीन वस्त्र माना जाता था, किंतु आधुनिक शैली ने इसे नया रूप दिया है। वर्तमान में कॉटन, लिनेन और रेशम के मिश्रण जैसे हल्के व श्वसन योग्य वस्त्रों से बने ट्रेंच कोट का चलन अत्यधिक है। इन्हें केवल सर्दियों में ही नहीं, अपितु हल्की ठंड या सुहावने मौसम में भी सरलता से पहना जा सकता है। साधारण टी-शर्ट और जीन्स के ऊपर इसे धारण करते ही संपूर्ण रूप तुरंत निखर जाता है।



लाउंज वियर का नया और सुरुचिपूर्ण स्वरूप

आरामदायक वस्त्रों की माँग ने लाउंज वियर को घर की सीमा से निकालकर मुख्य फैशन मंच तक पहुँचा दिया है। अब लाउंज वियर का अर्थ केवल ढीले-ढाले वस्त्र नहीं, अपितु उत्तम को-ऑर्ड सेट हैं, जिनमें ऊपरी और निचला वस्त्र एक ही रंग व कपड़े का होता है। ये सेट इतने बहुपयोगी हैं कि इन्हें गृह-विश्राम से लेकर यात्रा, सामान्य भ्रमण या मित्रों के साथ मिलने-जुलने के दौरान भी पहना जा सकता है।

दोनों परिधानों का सटीक संयोजन कैसे करें?

जब आप हल्के ओवरसाइज्ड ट्रेंच कोट को को-ऑर्ड लाउंज वियर सेट के साथ जोड़ते हैं, तो यह एक अत्यंत सहज और आधुनिक रूप देता है। इसके साथ आरामदायक स्नीकर्स, न्यूनतम आभूषण और एक सुंदर थैला (टोट बैग) इस अवतार को और भी निखार देता है।

कार्नर न्यूज

त्योहारों में छाईं रेडी-टू-वियर और बेल्ट युक्त साड़ियाँ, बिना झंझट सहज होकर बनें डांडिया का हिस्सा

त्योहारों में छाईं रेडी-टू-वियर और बेल्ट युक्त साड़ियाँ, बिना झंझट सहज होकर बन जाएं डांडिया का हिस्सा

पारंपरिक सौंदर्य और आधुनिक सहजता की प्रतीक हैं नईं साड़ियां
भारत में पर्वों का आगमन होते ही महिलाओं के परिधानों में सबसे पहला नाम साड़ियों का आता है। दशकों से साड़ी भारतीय नारी के पारंपरिक सौंदर्य का प्रतीक रही है, किंतु समय के साथ इसे धारण करने की शैली में पर्याप्त बदलाव आया है। विशेषकर नवरात्रि और गरबा उत्सवों में जब पारंपरिक परिधानों में सजने की बात आती है, तो महिलाएं ऐसा परिधान चाहती हैं जो आकर्षक दिखने के साथ-साथ पूर्णतः आरामदायक भी हो। इस पर्वोत्सव में 'रेडी-टू-वियर' और 'बेल्टेड साड़ियाँ' फैशन जगत की मुख्य पसंद बनकर उभरी हैं।
'रेडी-टू-वियर' साड़ियों की सुगमता
साड़ी धारण करना एक कला है, जिसकी परतों (चुन्नटों) को व्यवस्थित करने में प्रायः काफी समय लग जाता है। नौकरीपेशा युवतियों और कामकाजी महिलाओं के लिए पर्वों के दौरान साड़ियों को संभालना एक चुनौती होता है। इसी समस्या का समाधान 'रेडी-टू-वियर' साड़ियाँ हैं। इन साड़ियों में



चुन्नटें पहले से सिली हुई होती हैं, जिससे इन्हें मात्र एक-दो मिनट में सरलता से पहना जा सकता है। इसमें पल्लू फिसलने या परतें बिगड़ने का भय नहीं रहता।

'बेल्टेड साड़ियाँ' साड़ियों का आधुनिक स्पर्श

गरबा और डांडिया की धुनों पर नृत्य करते समय पारंपरिक साड़ी को संभालना कठिन हो जाता है। इस समस्या से मुक्ति दिलाने और रूप को आधुनिक बनाने के लिए 'बेल्टेड साड़ियाँ' का चलन बढ़ रहा है। साड़ी के साथ मिलानदार या विपरीत रंग की बेल्ट न केवल कमर को सुंदर आकार देती है, बल्कि पल्लू और चुन्नटों को भी अपने स्थान पर स्थिर रखती है। यह भारतीय-पाश्चात्य रूप युवा पीढ़ी के मध्य अत्यधिक लोकप्रिय है।

